RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 221 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 (4+4)

धरमजयगढ़, सोमवार 20 जून 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

पेज -3 पर

दुर्गम क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाओं का मिल रहा लाभ

एसडीएम मनीष मिश्रा ने छात्रावास व स्कूलों का किया औचक निरीक्षण...

पेज -8 पर

आश्रम के लोग बिना किसी अपेक्षा के निस्वार्थ भाव से करते हैं वनवासियों की सेवा - राज्यपाल

पूर्वांचल कल्याण आश्रम के 41 वें वार्षिकोत्सव में शामिल हुई राज्यपाल, नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष को किया सम्मानित

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके आज कलकत्ता के हावड़ा महानगर स्थित कला मंदिर में आयोजित पूर्वांचल कल्याण आश्रम के 41 वें वार्षिकोत्सव में शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने आश्रम के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रामचन्द्र खराड़ी को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया और उन्हें शुभकामनाएं दी।

पूर्वांचल कल्याण आश्रम के 41 वें वार्षिकोत्सव में शामिल हुई। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्वांचल कल्याण आश्रम के वार्षिकोत्सव में आना मेरे लिये गौरव की बात है। मैं स्वयं वनवासी कल्याण आश्रम से जुड़ी

रही हूं, इसलिए मैं इनके त्याग व समर्पण को जानती हूँ कि आश्रम के लोग बिना किसी अपेक्षा के निस्वार्थ भाव से वनबन्धुओं की सेवा करते है। वनवासियों के जीवन स्तर को सुधारने और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए आश्रम नित प्रयासरत है। राज्यपाल सुश्री उइके ने वनवासी कल्याण आश्रम से जुड़े रहे श्री जगदेव राम उरांव को नमन करते हुए कहा कि वनवासियों के कल्याण के लिए किये गए उनके कार्यों को सदन में उपस्थित लोग आगे बढ़ाएं। उनका व्यक्तित्व और सेवा भावना अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश भी जनजाति बाहुल्य है और वहां भी लोगों की इच्छा होती है कि वे व्यक्तिगत रूप से मुझसे मिलें। इसी उद्देश्य से मैंने राजभवन के दरवाजे आमजनों के लिए खोल दिये हैं। साथ ही लोगों के आत्मीय आमंत्रण पर सभी वर्गों के सामाजिक कार्यक्रमों में मैं उत्साह के साथ शामिल होती हूँ। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि आज इस कार्यक्रम में लगभग 61 संस्थाओं के लोग आए हुए हैं जो मानव सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम कर रहे है। इसीलिए आप सभी से जुड़कर गौरवान्वित महसूस कर रही हूँ। उन्होंने आगे कहा कि 1978 में स्थापित पूर्वांचल कल्याण आश्रम, सेवा के अपने उद्देश्यों को निरंतर पूरा कर रहा है। जनकल्याण की भावना से सेवा प्रकल्पों के द्वारा अंचल के वनवासी क्षेत्रों के लिए समर्पित यह संस्था आज वटवृक्ष का आकार ले चुकी है।

एक नजर

राज्यपाल ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल से की सौजन्य भेंट

रायपुर । राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने राजभवन कोलकाता में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल श्री जगदीश धनखड़ से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान दोनों ही राज्यपालों ने अपने-अपने प्रदेशों से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही संवैधानिक अधिकारों एवं प्रावधानों पर अपने विचार साझा किए। राज्यपाल सुश्री उइके और राज्यपाल श्री धनखड़ ने परस्पर एक-दूसरे को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

32 किलोग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

जगदलपुर । जिले के थाना नगरनार को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि अवैध रूप से गांजा की तस्करी उडीसा से छत्तीसगढ की ओर किया जा रहा है। सूचना पर थाना नगरनार बुधराम नाग के नेतृत्व में कार्यवाही के लिए टीम गठित कर रवाना किया गया था।

छत्तीसगढ़ में कोरोना के चौथी लहर की आशंका

24 घंटे में 94 नए मरीज मिले, प्रदेश में एक्टिव केस बढ़कर 406

रायपुर। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर कोरोना संक्रमण की रफ्तार बढ़ने लगी है। 4 माह बाद प्रदेश में कोरोना के केस में इजाफा हुआ है। शनिवार को 94 नए मरीज मिले हैं। कोरोना के बढ़ते केस से चौथी लहर की आशंका बढ़ गई है।

प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या 406 पहुंच गई है। सबसे ज्यादा 119 एक्टिव केस रायपुर में हैं। पिछले 4 दिनों में रायपुर और दुर्ग जिले में सबसे ज्यादा मरीज मिल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़ना चिंता का विषय है। कोरोना संक्रमण को रोकने स्वास्थ्य विभाग ने कोविड नियमों का सख्ती से पालन करने कहा है।

राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश में कोरोना की तीसरी लहर के बाद स्थिति कुछ संभली थी। जून के दूसरे सप्ताह से कोरोना के मामले फिर बढ़ने लगे हैं। पिछले 24 घंटे में 6372 सैंपलों की जांच की गई, जिसमें 94 नए संक्रमितों की पुष्टि हुई है। शनिवार को 25 लोगों ने होम आइसोलेशन पूरा किया है, जबकि 2 लोग हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हुए हैं। प्रदेश में संक्रमण दर अभी 1.17 प्रतिशत से बढ़कर 1.48 पहुंच गई है। छत्तीसगढ़ में कोरोना से अब तक 14 हजार 35 लोगों की जान जा चुकी है।

इन जिलों में मिले कोरोना के नए मरीज

राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के मुताबिक पिछले 24 घंटे में प्रदेश के 16 जिलों में कोरोना के 94 एक्टिव केस मिले हैं। दुर्ग जिले में सबसे ज्यादा 23 संक्रमितों की पुष्टि हुई है। इसके बाद रायपुर में 19, बिलासपुर में 11, कोरबा में 7, सूरजपुर में 6, रायगढ़ में 5, बेमेतरा व सरगुजा में 4-4, राजनांदगांव, कबीरधाम व जांजगीर-चांपा में 3-3, बलौदाबाजार में 2 तथा बालोद, मुंगेली, दंतेवाड़ा व बीजापुर में 1-1 मरीज मिले हैं। राज्य नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष मिश्रा ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचने सावधानी जरूरी है। मास्क का उपयोग करें। लक्षण होने पर टेस्ट करा लें। घबराएं नहीं।

गौ-पालक महिला समूह एवं किसान पहुंचे मुख्यमंत्री निवास

144 करोड़ की गोबर खरीदी पर महिला समूह और किसानों ने मुख्यमंत्री को गाय-बछड़ा आशीर्वाद स्वरूप भेंट किया

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार की सबसे प्रभावी ग्रामीण आर्थिक नीतियों में से एक 'गोधन न्याय योजना' के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा रिकॉर्ड 144 करोड़ रुपये से अधिक की गोबर खरीदी करने पर, आज गौ-पालक महिलाओं और किसानों ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का हृदय से आभार व्यक्त किया और एक सुंदर 'गाय-बछड़ा' आशीर्वाद स्वरुप मुख्यमंत्री को भेंट किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री भावुक हो गये और उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के गांव, गरीब, किसानों और महिलाओं के जीवन में आर्थिक समृद्धि और खुशी ही 'छत्तीसगढ़ मॉडल' का मूल उद्देश्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वो तीन करोड़ छत्तीसगढ़वासियों के परिवार के सदस्य हैं और परिवार की खुशी में ही उनकी खुशी है।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सदस्य श्री विनोद तिवारी की अगुवाई में हुए इस कार्यक्रम में गोधन न्याय योजना के लाभार्थी मुख्यमंत्री से मिलने आये थे। छत्तीसगढ़ 'गोधन न्याय योजना' से अब तक प्रदेश के लगभग 2 लाख से ज्यादा लोग लाभान्वित हुए हैं। वही प्रदेश में गौपालकों की संख्या में 26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है, केवल एक वर्ष के अंदर योजना से लाभान्वित लोगों की संख्या 1,68,531 से बढ़कर 2,11,540 हुई है।

झगड़ालू थी पड़ोसन, कर दिया मर्डर

युवक के साथ महिला करती थी गाली-गलौज, नींद में दबा दिया गला

रायपुर। मर्डर की एक वारदात को अंजाम देने वाले युवक को रायपुर की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए युवक ने जिस महिला की हत्या की, बड़े आराम से उसके पड़ोस में ही 1 महीने तक रहता रहा। पुलिस की पूछताछ में भी शामिल हुआ। मगर यह पुलिस को गुमराह करता रहा।

घटना दरअसल रायपुर से लगे हुए गोबरा नवापारा थाना इलाके के लखना गांव की है । 20 मई की रात यहां रहने वाली केसरबाई (57) नाम की महिला की हत्या कर दी गई थी। इस महिला की गला दबाकर जान ले गई थी। अपने मकान में यह महिला अकेले ही रहती थी। तब केसरीबाई के भतीजे राम निषाद ने पुलिस से शिकायत की थी। लाश का मुआयना करने आई पुलिस की टीम यह समझ चुकी थी कि महिला की हत्या की गई है। गले पर खरोच के निशान थे और शॉर्ट पीएम में भी इस बात की पुष्टि हुई की गला दबाकर महिला की जान ली गई है इसके बाद छानबीन आगे बढ़ी। गांव के लोगों से पूछताछ करने पर पुलिस की टीम को पता चला कि पड़ोस में रहने वाले देवराज यादव के साथ अक्सर महिला का विवाद हुआ करता था। पुराने झगड़ों को लेकर दोनों के बीच गाली गलौज हुआ करती थी। कई बार अपने गुस्सैल व्यवहार की वजह से महिला ही युवक को गालियां देकर उसके साथ झगड़ा किया करती थी। पुलिस ने देवराज को बुलाया। तब देवराज ने विवाद की बात तो कबूली, मगर कत्ल को लेकर कहानियां बनाने लगा। देवराज ने कह दिया था कि कुछ महिला का तो बहुत से लोगों से झगड़ा था किसी ने मार दिया होगा। मगर फिर कुछ गांव वालों ने इस बात की पुष्टि करते हुए जानकारी दी कि जिस रात महिला का कत्ल हुआ वहां देवराज को देखा गया था।

नरवा, गरवा, घुरवा के तहत तलाब गहरीकरण

वन विभाग ने फर्जी हाजरी भर कर लाखों रुपए का किया बंदरबांट

जोहार छत्तीसगढ़-पंडरिया।

जंगल रेंज के बंदगौरा बिट में नरवा घुरवा के तहत तलाब गहरी करण कार्य वन विभाग टीम के द्वारा कराया गया है।

जिसमे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिम्मेदार कर्मचारियों के तहत फर्जी बिल भौचर बना कर लाखों रुपए का बंदर बांट किए हैं। जिनके नाम में फर्जी बील भौचर बनाए हैं उनहोंने नाम नहीं बताने के सर्त्त में ये सब जानकारी बताए हैं जो बहोत बड़ा जांच का विषय है।

वन मंत्री अगबर के विधानसभा क्षेत्र में फर्जी वाड़ा

आपको बता दे जिस क्षेत्र में वन विभाग के द्वारा फर्जी बिल भौचर बना कर पैसा हेरा फेरी किया गया है वो वन मन्त्री अगबर का विधानसभा क्षेत्र है। आप इससे अंदाजा लगा सकते हैं। बाकी जगह का क्या हाल होगा। अब देखने वाली बात यह है कि मन्त्री इसमें क्या एक्शन लेते हैं।

शासन के पैसे को अपने जेब भरने में लगे हैं जिमेदार लोग

सरकार के द्वारा नरवा, गरवा, घुरवा,बाड़ी के तहत लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन सरकार के मनसुभे को नकाम करने में लगे विभाग के कुछ जिमेदार लोग अपने जेब भरने का एटीएम बना लिए है जो फर्जी बिल भौचर बना कर शासन के पैसे को दुरुपयोग कर रहे हैं।

कही इन्हें उच्च अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त तो नहीं

इस प्रकार का फर्जी हाजरीओ भी बिना डर भैय का वही कर्मचारी कर सकता है जिसके ऊपर उच्च अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त हो। उसे काहे का डर तभी तो कई लाखों रुपए का फर्जी बिल भाउचर बना कर अपने जेब भर रहे हैं और साथ में अधिकारियों का भी। अब देखने वाली बात ये है कि वर्तमान डीएफओ सर क्या एक्शन लेते है।

राजनीति... बीजेपी नेताओं ने गिनाई केंद्र सरकार की उपलब्धि, लोगों को योजनाओं की जानकारी भी दी

31 कांग्रेस कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल

जगदलपुर। बस्तर जिले के तोकापाल में रविवार को भाजपा ने संभाग स्तरीय गरीब कल्याण जनसभा का आयोजन किया। जनसभा में भाजपा के नेताओं ने केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

साथ ही केंद्र की उपलब्धियां गिनाई। भाजपा नेताओं ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार की कमियों को बताया। जनसभा में दरभा ब्लॉक के करका, चितापुर गांव के 31 कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को भाजपा में प्रवेश करवाया गया।

बस्तर के पूर्व सांसद और भाजपा नेता दिनेश कश्यप ने कहा कि, भाजपा देश और देशवासियों के विकास की राजनीति करती है और कांग्रेस द्वेषपूर्ण राजनीति कर झूठ बोलने का कीर्तिमान बना रही है। पिछले 8 सालों में मोदी सरकार ने देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया है। भारत मजबूत बने और प्रत्येक गरीब का कल्याण हो, यह संकल्प लेकर मोदी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। आज जनता भी समझ गई है कि उनके हित में कौन सी सरकार सोचती है। भाजपा प्रदेश महामंत्री किरणदेव ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की सेना को मजबूत बनाने अग्निपथ योजना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए कार्य कर रहे हैं। इसके उलट प्रदेश की कांग्रेस सरकार छत्तीसगढ़ की जनता से गोबर बिकवा रही है। पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि, मोदी सरकार ने कोरोना काल के कठिनतम समय में देश को जीवनरक्षक वैक्सीन दी। 80 करोड़ गरीब परिवारों को नि:शुल्क राशन देने की महती योजना पर कार्य किया। आयुष्मान योजना का लाभ 50 करोड़ से अधिक लोगों को मिल रहा है।

जादू टोना के शक में बुजुर्ग महिला की हत्या

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में एक बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी गई। आरोपी को शक था कि ये महिला जादू टोना करती है। जिसके कारण आरोपी के घर में लोगों की परेशानी बढ़ रही है। इसलिए उसने महिला को मारने का प्लान बना लिया। फिर मौका पाते ही उसे पहले अधमरा होने तक पीटा। इसके बाद चाकू मारकर बुजुर्ग की जान ले ली। पुलिस ने अब आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला छुरिया थाना क्षेत्र का है।

गिधवाभंवर गांव में मानबाई साहू(75) घर पर अकेली ही रहती थी। गुरुवार को भी वह घर पर अकेली ही थी। इसी दौरान उसकी हत्या की गई थी। उस रात को करीब 12.30 बजे आस-पास के लोगों ने उसकी लाश घर पर ही खून से लथपथ हालत में देखी थी।

अधेड़ ने पहले अधमरा होने तक पीटा, फिरा चाकू मारकर कर दिया खून से लथपथ; गिरफ्तार

जिसके बाद पुलिस को इस बात की सूचना दी गई थी। खबर मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शव को बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया गया था। पुलिस ने आस-पास के लोगों से पूछताछ भी की। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि गांव का सोनसाय मंडावी(20) पहले कई बार महिला से विवाद कर चुका था। इस पर पुलिस को सोनसाय पर ही शक हुआ। पुलिस ने जब सोनसाय से पूछताछ की तब सोनसाय ने बताया कि हां मैने ही महिला को मार दिया है। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था।

सर्वोच्च नेताओं की छवि और लोकतंत्र में राजनीतिक विरोधियों से आलोचना सुनने की क्षमता

स्वतंत्रता प्राप्ति की औपचारिक घोषणा से एक दशक पहले 1937 में भारतीयों को स्वशासन का एक अंदाजा मिला था, जब राज के अधीन विभिन्न प्रांतों में सीमित मताधिकार के आधार पर चुनी हुई सरकारें बनी थीं। इसे पूर्ण प्रतिनिधि सरकार की ओर एक कदम की तरह देखा गया। मद्रास प्रेसिडेंसी में कांग्रेस सरकार के शपथ ग्रहण करने के थोड़े समय बाद एक तमिल विद्वान ने नेतृत्व के बारे में शानदार भाषण दिया, जिनके विचार आश्चर्यजनक रूप से भारत की आज की राजनीतिक संस्कृति के साथ प्रतिध्वनित होते हैं।

यह विद्वान थे के स्वामीनाथन और तब वह प्रेसिडेंसी कॉलेज में लिटरेचर के प्रोफेसर थे। 1938 में उन्होंने अन्नामलाई यूनिवर्सिटी के छात्रों को बताया कि सार रूप में दो तरह के राजनेता होते हैं, एक वे जो खुद को अपरिहार्य समझते हैं, दूसरे वे जो ऐसा नहीं समझते। उन्होंने बाद वाली श्रेणी के लिए एक नाम चुना और कहा, %गांधी पिछले तीन-चार वर्षों से अपने उत्तराधिकारियों को प्रशिक्षित करने को लेकर बहुत सतर्क और चिंतित रहे हैं। उनकी अंतिम इच्छा खुद को अपरिहार्य बनाने की है।...न तो जवाहरलाल नेहरू, न ही राजेंद्र प्रसाद चाहे जो हों, वैसे नहीं होंगे जैसा गांधी चाहते हैं; और न ही वे केवल यस मैन हैं।

यह शानदार उदाहरण पेश करने के बाद स्वामीनाथन ने एक चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा, लेकिन ऐसे भी नेता हैं, जो अपने अनुयायियों पर भरोसा नहीं करते और वे उन्हें काम करने की किसी तरह की स्वतंत्रता नहीं देते, सैन्य अनुशासन का दबाव बनाते हैं, स्वचालन को तरजीह देते हैं। ऐसे नेता इमली के पेड़ की तरह होते हैं, शायद अपने समय में महान और अपने आप में उपयोगी, लेकिन दूसरों के जीवन और विकास के लिए विनाशकारी। वे कोई मतभेद बर्दाश्त नहीं करते, दोस्ताना आलोचना से भी नाराज हो जाते हैं। वे तुर्क की तरह, सत्ता के करीब किसी को नहीं रखते। और जब जाते हैं, तो अपने पीछे उजाड़ छोड़ जाते हैं।

अन्नामलाई यूनिवर्सिटी के छात्रों से स्वामीनाथन ने कहा, आज हमारे देश को जो जरूरत है और हमारे हॉस्टल्स जो पैदा कर सकते हैं वे हैं, राजनेता, जिनमें से प्रत्येक औसत से कुछ बड़ा हो। मैं नहीं समझता कि हमें किसी ऐसे सुपरमैन की जरूरत है, जो कि अपने साथियों से इतना ऊपर हो कि उनके बीच की खाई कभी पाटी न जा सके। हाल ही में मुझे स्वामीनाथन के लेखन को खंगालते समय उनके उस व्याख्यान को देखने का मौका मिला। इसे पढ़कर मैं चौंक गया, क्योंकि उन्होंने 1938 में जो चेतावनियां दी थीं, वे 2022 के भारत में आज कहीं अधिक प्रासंगिक हैं, जब हमारे पास एक ऐसा प्रधानमंत्री है, जिसने पार्टी और सरकार के अकूत धन और इनसे बड़ी संख्या में जुड़े लोगों की मदद से अपने इर्द-गिर्द विश्व इतिहास का सबसे बड़ा छवि निर्माण किया है। मैंने पहले भी नरेंद्र मोदी के छवि निर्माण और उसके खतरनाक परिणामों के बारे में लिखा है। इसलिए मैं उन तर्कों को यहां नहीं दोहराऊंगा। इसके बजाय मैं इस पर गौर करूंगा कि सत्ता के इर्द-गिर्द व्यक्तित्व निर्माण की यह प्रवृत्ति न केवल केंद्र सरकार में, बल्कि कई राज्य सरकारों में भी दिखाई देती है। ममता बनर्जी विधानसभा और संसद के चुनावों के समय नरेंद्र मोदी का भारी विरोध करती हैं, जबकि उनकी खुद की राजनीतिक शैली उनसे उल्लेखनीय रूप से मिलती है। वह अकेले ही तृणमूल कांग्रेस, पश्चिम बंगाल की सरकार और बंगाली लोगों के अतीत, वर्तमान और भविष्य को मूर्त रूप देना चाहती हैं। अपने राज्य के स्तर पर ममता बनर्जी द्वारा पार्टी, सरकार और लोगों के नेता से सम्मिलन का यह प्रयास देश के स्तर पर नरेंद्र मोदी द्वारा पार्टी, सरकार और लोगों के साथ नेता के सम्मिलन के प्रयास को बारीकी से दर्शाता है। ये समानताएं यहीं खत्म नहीं होतीं। टीएमसी के विधायक और सांसद भय के कारण अपनी मुख्यमंत्री के बारे में उसी तरह से चाटुकारिता भरे शब्दों में बातें करते हैं, जिस तरह से भाजपा सांसद और मंत्री प्रधानमंत्री को लेकर करते हैं। मोदी की तरह ममता भी अपने वफादार और आसानी से काबू में आने वाले नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों के साथ काम करना पसंद करती हैं। मोदी की तरह ही वह प्रेस की स्वतंत्रता और संस्थाओं की स्वायत्तता को लेकर जुबानी जमा खर्च करती हैं, लेकिन जब उनके शासन को चुनौती मिले, तो वह इस स्वतंत्रता को कुचलने और स्वायत्तता से इनकार करने में देर नहीं करतीं।

रामचंद्र गुहा

सत्तावादी लोकतंत्र

ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, पिनरायी विजयन, आदित्यनाथ, जगन मोहन रेड्डी, के चंद्रशेखर राव और अशोक गहलोत-ये सातों मुख्यमंत्री सात विभिन्न दलों से संबंधित हैं और ये सभी शासन की अपनी शैली

संपादकीय

कांग्रेस महंगाई के खिलाफ लड़े

सोशल मीडिया में यह दिलचस्प पोस्ट देखने को मिली कि कांग्रेस को जो लड़ाई अदालत में लड़नी चाहिए वह सड़क पर लड़ रही है और जो लड़ाई सड़क पर लड़नी चाहिए वह ट्विटर पर लड़ रही है। सचमुच ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस कहीं की लड़ाई कहीं लड़ रही है। राहुल गांधी को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में हुई कथित गड़बड़ी के बारे में पूछताछ के लिए बुलाया तो पूरी कांग्रेस पार्टी सड़क पर उतर गई। ध्यान रहे यह मामला काफी पुराना है और कांग्रेस सर्वोच्च अदालत तक जा चुकी है इस मामले को खारिज कराने के लिए।

लेकिन अदालत से भी राहत नहीं मिली। यह मामला भी सुब्रह्मण्यम स्वामी का शुरू किया हुआ, जिन्होंने कभी सोनिया गांधी के साथ जयललिता को बैठा कर अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार गिरवाई थी। इसलिए यह सरकार के राजनीतिक बदले वाला बहुत सरल मामला नहीं है। तभी जब कांग्रेस के सारे बड़े नेता सड़क पर उतरे तो उसका यह मैसेज गया कि कांग्रेस के नेता सिर्फ एक परिवार के प्रति समर्पित हैं। उनकी निष्ठा अवाम से नहीं, परिवार से है। दूसरे, भाजपा को भी यह कहने का मौका मिला कि भ्रष्टाचार के मामले में नेहरू-गांधी परिवार का बचाव करने के लिए कांग्रेस पार्टी आंदोलन कर रही है। सचमुच कांग्रेस को यह लड़ाई अदालत में लड़नी है। कांग्रेस को याद रखना चाहिए कि कैसे गुजरात दंगों के लिए बनी एसआईटी ने गुजरात के तब के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी से घंटों पूछताछ की थी। मोदी चुपचाप एसआईटी के दफ्तर गए थे और पूछताछ में शामिल हुए थे।

सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतिनिधित्व करती नारियां

हम क्या महिला युग में जी रहे हैं? एक महिला ने कहा कि गीताजंलि श्री को बूकर पुरस्कार मिलने से क्या भारत में महिलाओं का युग आ गया? क्या यह पुरुषों का अहं है कि वे महिलाओं की उत्तरोत्तर प्रगति का संज्ञान तब तक नहीं लेते, महिला की मेधा का लोहा मानने को तब तक तैयार नहीं होते, जब तक कि पानी सिर से न उतर जाए, यानी असाधारण कुछ न हो जाए? महिलाएं भी कुछ कर गुजर सकती हैं, ऐसा तो हम सोचते ही नहीं। महिलाएं भी कुछ उल्लेखनीय रच सकती हैं, हमारे भीतर बैठा सामंती शैतान यह मानने को तैयार ही नहीं।

ज्ञान-विज्ञान, कला-संस्कृति, मीडिया-सिनेमा, समाज-राजनीति, खेल-पहलवानी, कौन-सा क्षेत्र है, जहां वे पुरुषों का मुकाबला नहीं कर रहीं? आज स्त्री के कदम आसमान की ऊंचाई नाप रहे हैं। योग और चिकित्सा में महिला-गुरुओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है। माना कि उनकी सेवाओं का गौरवशाली इतिहास अपेक्षित और उचित सम्मान नहीं पा सका। लेकिन ऐसा उनके स्त्री होने के कारण कम हुआ, उन पर लगाई गई पुरुषों की वर्जनाओं के कारण अधिक हुआ। इतिहास से उनकी सेवाओं का फल उन्हें नहीं मिला, उनके कर्म-कौशल की अनदेखी की गई, लेकिन आज वे रच तो गौरवशाली इतिहास ही रही हैं। विगत दो दशकों से माध्यमिक और उच्च माध्यमिक परीक्षाओं के परिणाम लड़कियों की सफलताओं की गवाही दे रहे हैं। बैंकिग सेवा, विधि शिक्षा, प्रशासनिक सेवा-टॉप रैंकिग में महिलाएं ही हैं। टीना डाबी, श्रुति शर्मा, अंकिता अग्रवाल, गामिनी सिंघल हमारी होनहार बेटियां हैं। गीत-संगीत स्पर्धा, विदेश सेवा, मीडिया में संपादन, बहस और एंकरिंग में महिलाएं बड़ी संख्या में आई हैं। हालांकि महिलाओं ने पुरुषों की बुराइयां भी अपनाई हैं। संवेदना की पर्याय कही जाने वाली स्त्री ने कई मोर्चों पर क्रूरता का भी परिचय दिया है। भारत में बूकर पुरस्कार पाने वालों में एक पुरुष और तीन महिलाएं (अरुंधति राय, किरण देसाई और गीताजंलि श्री) हैं। माना कि राजनीतिक सत्ता शीर्ष पर महिलाएं पुरुषों की तुलना में कम रही हैं, परंतु वे जब तक रही हैं, जहां भी रही हैं, पुरुषों की अपेक्षा अधिक सफल रही हैं। इंदिरा गांधी, प्रतिभा पाटिल, मीरा कुमार, सोनिया गांधी, सुषमा स्वराज, मायावती, ममता बनर्जी, राबड़ी देवी और जयललिता की उपलब्धियां छिपी नहीं हैं। उच्च शैक्षिक पदों पर जेएनयू में कुलगुरु प्रो. शांतिश्री धुलिपुड़ी पंडित, कश्मीर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलोफर खान, संस्कृत विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. अनुला मौर्य, साहित्यिक पत्रकारों में संपादक मिनी कृष्णन, मृणाल पांडे, क्षमा शर्मा, दलित लेखिकाओं में सुनीता गिडला आदि अनेक नाम हैं। टीवी पर बहसों का संचालन करती महिलाएं, राष्ट्रीय अखबारों के संपादकीय पृष्ठों पर लिखने वाली महिलाएं, बिग बॉस और इंडियाज गॉट टैलैंट में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाती महिलाएं, प्रतियोगिता परीक्षाओं में अव्वल रहने वाली महिलाएं, निजी शैक्षिक संस्थाओं को अपने स्वामित्व में संचालित करने वाली महिलाएं-जाहिर है, यह सूची लंबी है। पिछले दिनों सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने न्यायपालिका में महिलाओं की कमतर भागीदारी पर चिंता जताते हुए कहा कि क्या कानूनी पेशा पुरुष प्रधान है? महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण मिलना चाहिए। अलबत्ता विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों के बीच इनकी पारिवारिक-सामाजिक पृष्ठभूमि, परवरिश और शिक्षा का अध्ययन करने की भी जरूरत है कि ये स्त्रियां किस समाज से आती हैं और किन सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। इसकी वजह यह है कि इस बीच असंतुलन और असभ्यता का एक रूप भी उन भोजन माताओं के तौर पर भी हमारे सामने आता है, जो जाति भेद के कारण स्कूलों में ऊंची जातियों के बच्चों को भोजन नहीं दे सकतीं।

श्यौराज सिंह बेचैन

समय चक्र

आज स्त्री के कदम आसमान की ऊंचाई नाप रहे हैं। ज्ञान-विज्ञान, कला-संस्कृति, मीडिया-सिनेमा, समाज-राजनीति, खेल-पहलवानी, कौन-सा क्षेत्र है, जहां वे पुरुषों का मुकाबला नहीं कर रहीं?

मिला जुला

अग्निपथ स्कीम- वायुसेना ने जारी की भर्ती की डिटेल

1 करोड़ का बीमा-कैंटीन सुविधा-30 दिन छुट्टी

नई दिल्ली। अग्निपथ स्कीम में अग्निवीरों की भर्ती के लिए वायुसेना ने डिटेल अपनी वेबसाइट पर जारी कर दी है. इस डिटेल के अनुसार चार साल की सेवा के दौरान अग्निवीरों की वायुसेना की ओर से कई सुविधाएं दी जाएंगी जो स्थायी वायुसैनिकों को मिलने वाली सुविधाओं के अनुसार ही होगी. एयरफोर्स की वेबसाइट पर अपलोड की जानकारी के अनुसार अग्निवीरों को सैलरी के साथ हार्डशिप एलाउंस, यूनीफार्म एलाउंस, कैंटीन सुविधा और मेडिकल सुविधा भी मिलेगी. ये सुविधाएं एक रेगुलर सैनिक को मिलती हैं।

अग्निवीरों को सेवा काल के दौरान ट्रैवल एलाउंस भी मिलेगा. इसके अलावा उन्हें साल में 30 दिन की छुट्टी मिलेगी. उनके लिए मेडिकल लीव की व्यवस्था अलग है. अग्निवीरों को सीएसडी कैंटीन की भी सुविधा दिलेगी. अगर दुर्भाग्यवश किसी अग्निवीर की सर्विस (चार साल) के दौरान अगर मृत्यु होती है तो उसके परिवार को इन्श्योरेंस कवर मिलेगा. इसके तहत उसके परिवार को करीब 1 करोड़ रुपये मिलेंगे।

परफॉर्मेंस के आधार पर मिलेगा रेगुलर कैडर

वायुसेना ने कहा है कि वायुसेना में इनकी भर्ती एयर फोर्स एक्ट 1950 के तहत 4 साल के लिए होगी. वायुसेना में अग्निवीरों का एक अलग रैंक होगा जो मौजूदा रैंक से अलग होगा. अग्निवीरों को अग्निपथ स्कीम की सभी शर्तों को मानना होगा. जिन अग्निवीरों की वायुसेना में नियुक्ति के समय उम्र 18 साल से कम होगी उन्हें अपने माता-पिता या अभिभावक से अपने नियुक्ति पत्र पर हस्ताक्षर करवाना होगा. चार साल की सेवा के बाद 25 फीसदी अग्निवीरों को रेगुलर कैडर में लिया जाएगा. इन 25 फीसदी अग्निवीरों की नियुक्ति सेवा काल में उनके सर्विस के परफॉर्मेंस के आधार पर की जाएगी.

सम्मान और अवॉर्ड के होंगे हकदार

वायुसेना के अनुसार अग्निवीर सम्मान और अवॉर्ड के हकदार होंगे. अग्निवीरों को वायुसेना की गाइडलाइंस के अनुसार ऑनर्स और अवॉर्डर्स दिया जाएगा. वायुसेना में भर्ती होने के बाद अग्निवीरों को सेना की जरूरतों के अनुसार ट्रेनिंग दी जाएगी.

अगर सेवा काल के दौरान होती है मृत्यु

अग्निवीरों को 4 साल की सेवा अवधि के दौरान 48 लाख रुपये का बीमा कवर मिलेगा. इसके अलावा उन्हें 44 लाख रुपये की एकमुश्त राशि भी दी जाएगी. इसके अलावा चार साल की नौकरी में जितनी सेवा बच्ची रहेगी उसकी सैलरी भी अग्निवीर के परिवार को दी जाएगी. इसके अतिरिक्त अग्निवीर के सेवानिधि फंड में जितने पैसे जमा हुए होंगे उस मे सरकार का योगदान और उसपर ब्याज भी अग्निवीर के परिवार को दिया जाएगा. ड्यूटी के दौरान विकलांग होने पर अग्निवीरों को एक्स-ग्रेशिया 44 लाख रुपये मिलेंगे. साथ ही जितनी नौकरी बची है उसकी पूरी सैलरा मिलेगी इसके अलावा सेवा निधि का पैकेज भी मिलेगा. हालांकि विकलांगता की सीमा के अनुसार अग्निवीरों को मिलने वाली राशि कम या ज्यादा हो सकती है।

अग्निपथ को लेकर प्रदर्शनकारियों का उत्पात

जौनपुर में फूंकीं बसें और बाइकें, 24 पुलिसकर्मी घायल

जौनपुर। सेना भर्ती की अग्निपथ योजना के विरोध में शनिवार को बदलापुर व सिकरारा में प्रदर्शनकारी युवाओं ने आगजनी, पथराव और तोड़फोड़ की। रोडवेज की दो बसें, पुलिस की जीप और दो बाइकें आग के हवाले कर दीं। राज्य सूचना आयुक्त प्रमोद तिवारी के काफिले में शामिल स्कोर्ट वाहन पर हमला कर दिया। आधा दर्जन से अधिक छोटे-बड़े वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इन घटनाओं में मछलीशहर, सिकरारा थानाध्यक्ष समेत 24 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने हवाई फायरिंग करने के साथ आंसू गैस और मिर्ची के गोले दागे। सिकरारा थानाक्षेत्र स्थित बरगुदर पुल और लाला बाजार के बीच सवा घंटे तक दो सौ से अधिक युवकों ने बवाल किया। लाठी-डंडे लेकर सड़क पर उतरे युवाओं ने रोडवेज की चार बसों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

अराजकतत्वों की संपत्ति से नुकसान की होगी भरपाई

आगरा एडीजी ने बताया कि अराजकतत्वों की पहचान की जा रही है। इसके लिए वीडियो और फोटो का सहारा लिया जा रहा है। बवाल के दौरान हुए नुकसान की भरपाई कानून के मुताबिक अराजकतत्वों की संपत्ति से होगी।

युवाओं को उकसाने वाले पांच गिरफ्तार

सहारनपुर में अग्निपथ योजना के विरोध में युवाओं को आंदोलन के लिए उकसाने के आरोप में रामपुर मनिहारान पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी राजनीतिक दलों से जुड़े बताए गए है।

दिल्ली को जाम से मिलेगी राहत

पीएम मोदी ने प्रगति मैदान टनल और 5 अंडरपास का किया उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को प्रगति मैदान टनल और 5 अंडरपास का उद्घाटन किया. ये सभी रास्ते आज से लोगों के आवागमन के लिए खोल दिए गए हैं. इससे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को जाम से राहत मिल सकेगी। 920 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से पूरी की गई इस परियोजना का उद्देश्य प्रगति मैदान में विकसित किए जा रहे प्रदर्शनी और सम्मेलन केंद्र को जाम से बचाकर सुगम रास्ता मुहैया कराना है। यह कॉरिडोर 6 लेन का है. कॉरिडोर की मुख्य सुरंग प्रगति मैदान से गुजरते हुए पुराना किला रोड होते हुए रिंग रोड को इंडिया गेट से जोड़ती है. इसके जरिए प्रगति मैदान की विशाल बेसमेंट पार्किंग तक पहुंचा जा सकता है। टेरी (भारतीय ऊर्जा अनुसंधान संस्थान) द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक प्रगति मैदान कॉरिडोर बनने के बाद अनुमानित 16,400 टन CO_2 हर साल कम उत्सर्जित होगी.

गर्मी से राहत-तापमान में गिरावट

पंजाब-राजस्थान समेत कई राज्यों में बारिश

नई दिल्ली। उत्तर भारत के कई राज्यों में प्री मॉनसून गतिविधियां देखने को मिल रही हैं. राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, राजस्थान, पंजाब समेत कई हिस्सों में इन दिनों बारिश के चलते तापमान में गिरावट आने के साथ गर्मी से राहत है. दिल्ली में भी मौसम का मिजाज बदला है, बीते 2-3 दिन से हल्की बारिश और बूंदाबांदी से अधिकतम तापमान में गिरावट आई है. मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली में अगले कुछ दिनों तक इसी तरह का मौसम बना रहेगा। आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली में आज, 19 जून के तापमान की बात करें तो न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस जबकि अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहेगा. वहीं, दिल्ली में आज भी हल्की बारिश होने की संभावना है. राष्ट्रीय राजधानी में सुबह के वक्त मौसम सुहावना है. मौसम विभाग के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश समेत कई राज्यों में प्री मॉनसून बारिश की गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आज न्यूनतम तापमान 29 डिग्री और अधिकतम तापमान 39 डिग्री रहेगा. आज राजधानी लखनऊ में बादल छाए रह सकते हैं. वहीं, गाजियाबाद में न्यूनतम तापमान 23 डिग्री और अधिकतम तापमान 35 डिग्री रहेगा।

बड़ा हादसा

पटना से दिल्ली जा रही स्पाइस जेट की फ्लाइट में लगी आग

पटना। एक बड़ी खबर बिहार के पटना एयरपोर्ट से आ रही है। पटना से दिल्ली उड़ान भर रही स्पाइस जेट की फ्लाइट के इंजन में आग लग जाने की खबर है। बताया गया है कि विमान में लगभग 185 यात्री सवार हैं। हालांकि यह भी बताया जा रहा है कि विमान की सेफ लैंडिंग हो गई है। पटना के एसएसपी मानवजीत सिंह ढिल्लो ने बताया है कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। जानकारी के मुताबिक पटना से उड़ने के बाद फुलवारी शरीफ के आसपास पायलट को यह आभास हो गया कि विमान में आग लगी है। इस बीच स्थानीय लोगों ने भी विमान में आग लगने की जानकारी प्रशासन को दिया। पायलट ने काफी मेहनत और हिम्मत से फ्लाइट को फिर से पटना एयरपोर्ट पर उतार लिया। पटना के सभी पदाधिकारी एयरपोर्ट पर पहुंच चुके हैं।

मनरेगा में डबरी के स्थान पर खेत का निर्माण हुआ वन भूमि में

महिला डिप्टी रेंजर और डीएफओ के बयानों में विरोधाभाष

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

विकासखण्ड पिथौरा के ग्राम पंचायत बरेकेल खुर्द में मछली पालन के लिए मनरेगा के तहत निजी डबरी निर्माण में फर्जीवाड़ा का मामला सामने आया है। आरोप है कि बरेकेल खुर्द के किसान संतोष साहू ने सरपंच व रोजगार सहायक के साथ मिलकर वन विभाग की शासकीय जमीन पर ही मनरेगा डबरी के स्थान पर खेत बनाने का कार्य कराया गया है।

सरपंच, रोजगार सहायक और हितग्राही की मिलीभगत

उक्त मामले में क्षेत्र की डिप्टी रेंजर ने भी रिकॉर्ड में वन भूमि बताया है। जबकि जिला वन मण्डलाधिकारी द्वारा शिकायत को मनगढ़ंत बताया है। पूरे मामले के सम्बन्ध में खुलासा तब हुआ, जेब पिथौरा के आरटीआई कार्यकर्ता लाल बहादुर महंती ने इस पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर, डीएफ ओ व जनपद पंचायत पिथौरा में की। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए जनपद पंचायत पिथौरा के सीईओ प्रदीप प्रधान द्वास तीन सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया है।

विगत सोमवार को जांच दल वन विभाग के डिप्टी रेंजर सुनीता दीवान एवं वन रक्षक परिमल नेताम के साथ जनपद द्वारा नियुक्त जांच टीम के उपयंत्री जसवंत पैकरा, करारोपण अधिकारी दिनेश दीक्षित एवं रेशम लाल भारती मौके पर पहुंच कर मौका मुआयना किया। मुआयना के बाद प्रथम दृष्टया पता चला कि शासन की आंखों में धूल झोंककर किसान संतोष साह ने रोजगार सहायक व सरपंच से सांठगांठ कर मछली निर्माण में फर्जीवाड़ा के लिए गए 5 सदस्य टीम में डिप्टी रेंजर संतोषी दिवान, वन रक्षक परिमन नेतामए उपयंत्री जशवंत पैंकरा, करारोपण अधिकारी दिनेश दीक्षित, रेशमलाल भारती 5 सदस्यीय जांच टीम ने राजस्व व फ ारेस्ट विभाग के संयुक्त रिपोर्ट आने तक इस मामले की गंभीरता को समझकर इस पूरे मामले की जांच को स्थगित पालन हेतु निजी डबरी किया है। वहीं जांच टीमने जनपद सीईओ पिथौरा को प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्यवाही करने किया है। जिसकी जांच की बात कही। जांच कमेटी के द्वारा कृषक संतोष साहू एवं रोजगार सहायक व सरपंच से पूछताछ की गई। जिसमें सरपंच रोजगार सहायक व कृषक संतोष साहू गोलमोल जवाब देते नजर आये।

वन विभाग की भूमि पर डिप्टी रेंजर की मुहर

क्षेत्र की महिला डिप्टी रेंजर सुनीता दीवान ने मौका मुआयना कर रिकार्ड देखते हुए कथित मछली पालन हेतु बनाई गई डबरी के निर्माण स्थल को वन भूमि बताया। इस सम्बंध में उन्होंने बताया कि जांच में उन्होंने ग्राम सरपंच एवम प्रमुखों से भी बात की है। यह भूमि वन विभाग का कक्ष क्रमांक 237 के तहत है।

डीएफओ ने बताया आरोप को मनगढ़ंत

दूसरी ओर उक्त मामले में शिकायतकर्ता लोचन चौहान द्वारा उक्त मामले में जांच हेतु जब आवेदन दिया तब डीएफ ओ महासमुन्द पंकज राजपूत ने पूरे मामले को बगैर जांच के ही मनगढ़ंत बताते हुए जांच किये जाने की बात कही है। चौहान ने एक जिम्मेदार अफसर की उक्त प्रतिक्रिया पर निष्पक्ष जांच पर ही प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। इधर जनपद की तीन सदस्यीय जांच समिति के प्रमुख रेशमलाल भारती ने मीडिया को बताया कि विवादित स्थल का निरीक्षण उन्होंने पूरी टीम के साथ किया स्थल पहाड़ी के नीचे बने मार्ग के करीब ही है। यहां वन एवम राजस्व दोनों तरह की भूमि है। परन्तु विवादित भूमि किसकी है। यह स्पष्ट होते तक जांच सम्भव नहीं है। लिहाजा जांच रोक दी गयी है। आरटी आई कार्यकर्ता डॉ. लालबहादुर महंती मैं बताया कि बरेकेल के संतोष साहू द्वारा अपने खेत खसरा 408/3 रकबा एक एकड़ 10 डिसमिल में मछली पालन हेतु मनरेगा से कुल 10 लाख रुपये स्वीकृत करवाये गए। परन्तु वे बरेकेल सरपंच से मिलकर वन विभाग के कक्ष क्रमांक 237 में वन भूमि को खेत बनाने के कार्य में लगा रहे है। मिली जानकारी के अनुसार अब तक चार लाख रुपये का आहरण भी किया जा चुका है। उक्त योजना में मछली पालन की जगह वन भूमि पर कब्जा कर शासन को चोट पहुंचाई जा रही है। संतोष द्वारा विभाग को बताई गई भूमि में डबरी बनाने की बजाय कौड़िया एवं बरेकेल की वन भूमि पर कब्जा कर खेत बनाने का कार्य कर रहे हैं। इसमें एक जमीन पर सरपंच हेतु खेत बनाने की जानकारी भी ग्रामीणों द्वारा दी जा रही है। ऐसे अनेक मामले इस क्षेत्र में है। इन मामलों की जांच कर कार्यवाही करने से वन विभाग की सैकड़ों एकड़ भूमि अवैध कब्जों में जाने से बच जाएगी।

एक नजर

शिकार से पहले शिकारियों का पुलिस ने किया शिकार

घातक हथियारों के साथ राजधानी के 4 गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

बार नयापारा अभयारण्य के समीप शिकार करने निकले 4 आरोपियों को कसडोल पुलिस ने हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से एक रायफल, 21 जिंदा कारतूस, चाकू, टंगिया और अर्टिगा कार जब्त किया गया। बहरहाल,कसडोल पुलिस आर्म्स एक्ट और वन अधिनियम के तहत कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार कसडोल क्षेत्र अंतर्गत सोनाखान, लवन वन परिक्षेत्र में शिकार की सूचना कई दिनों से मिल रही थी। लिहाजा, 17 जून को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला बलौदा बाजार ने सूचना दी कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति आर्टिका कार क्रमांक सीजी 04 एनएस 1123 पीपरछेड़ी क्षेत्र में संरक्षित वन में घूम रहे थे। सूचन में पर थाना प्रभारी कसडोल आशीष सिंह राजपूत उपनिरीक्षक रामनाथ भगत, प्रधान आरक्षक कुलमणि बारिक एवं अन्य आरक्षक पीपरछेड़ी के संरक्षित वन क्षेत्र में गए और उक्त आर्टिका कार को रोककर संदेही व्यक्तियों से पूछताछ की। पुलिस को देख सभी आर्टिका सवार घबरा गए थे। बाद पूछताछ करने पर शाहिद नकवी बैरन बाजार रायपुर जो माइनिंग विभाग में सुपरवाइजर के पद पर हैं। मोहम्मद वसीम खान व्यापार विहार रायपुर में गार्ड का काम करता है। नवाज खान और अब्दुल हामिद खान ग्राम जेबा अभनपुर मजदूरी का काम करता है। आनंद श्रीवास्तव, पेंशन बाड़ा पीडब्ल्यूडी में ठेकेदार का काम करता है। चारों को आर्टिका से उतारने पर मैगजीन सहित पॉइंट 2 का गन जिसमें टेलीस्कोप लगा हुआ, एक नागकन्या जिसमें छोटा सा वेट लगा है। चमड़े छीलने का 2 नग तेज धारदार, चाकू, बकरा काटने का बड़ा कट्टा, धार करने का पत्थर, मोबाइल, नगदी आदि जब्त किया गया। रायफ ल का लाइसेंस पेश किया गया। किंतु, इसका प्रयोग रायपुर में ना कर बिना अनुमति एवं बिना ष्ट आदेश के संरक्षित वन में घूमते पाया गया। चारों ने ष्ट एक प्लास्टिक की थैली में सभी हथियार छिपा कर रखे थे। जिसे संदिग्ध हालात में जब्त किया गया। ये हथियार अवैध शिकार से संबंधित होना परिलक्षित होना पाए जाने से आरोपियों को आर्टिका कार वे साथ थाना लाकर पूछताछ की गई। आरोपियों के कबूलनामे के बाद अपराध 472/22 धारा 25/2 आर्म्स एक्ट एवं वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 197 की धारा 939 51 के तहत कार्रवाई की गई।

नाबालिग का अपहरण जुर्म दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

पटेवा पुलिस द्वारा ग्राम लखनपुर निवासी प्रार्थी की रिपोर्ट पर ग्राम ढांक थाना पटेवा निवासी भुवन यदु के खिलाफ भादवि की धारा 363 के अंतर्गत अपराध पजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस से की गई शिकायत में बताया गया है कि प्रार्थी की नाबालिग पुत्री को संदेही आरोपी द्वारा बहला, पुसला कर भगा ले गया है। आसपास पतासाजी करने पर जानकारी न मिलने से पुलिस में शिकायत की गई है।

ओपी जयसवाल के प्रथम जिला आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

बलरामपुर । भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जयसवाल के प्रथम बलरामपुर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा आतिशबाजी एवं फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के आगमन पर रैली भी निकाली गई एवं भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जोरदार नारेबाजी भी की गई।

अपने स्वागत से अभिभूत भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल ने कहा कि जिस प्रकार से लोगो की भीड़ भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रम में उमड़ रही है यह परिवर्तन का संकेत है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व ने जो मुझे दायित्व दिया है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं पुराने कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन में संगठन को संगठित एवं मजबूत करने का प्रयास करूंगा। आगामी 2023 के विधानसभा चुनाव में रामानुजगंज विधानसभा एवं सामरी विधानसभा में भाजपा का परचम लहराना तय है। छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस की सरकार से उब चुकी है समाज के सभी वर्गों में सरकार के कार्यो से आक्रोश है। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हम सब जन जन तक पहुंचाएंगे एवं कांग्रेस सरकार के कुशासन से लोगों को अवगत कराएंगे।

सरगुजा पुलिस ने साइबर सेल टीम की मदद से लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले 4 शातिर आरोपियों को झारखंड से किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।

सरगुजा पुलिस की स्पेशल टीम ने साइबर सेल टीम की मदद लेते हुए लाखों रूपये की धोखाधड़ी करने वालें 4 शातिर आरोपियों को झारखंड के देवघर से गिरफ्तार किया है। आपको बता दे कि मामलें की पुष्टि करते हुए सीतापुर पुलिस ने बताया कि सीतापुर थानाक्षेत्र के ग्राम भारतपुर निवासी 42 वर्षीय प्रार्थी मुनेश्वर राम नागवंशी के साथ आरोपियों ने स्वयं को बैंक मैनेजर बताकर लाखों रूपये की धोखाधड़ी की थी जिसकी शिकायत प्रार्थी मुनेश्वर नागवंशी ने सीतापुर थाने में की थी। वहीं प्रार्थी मुनेश्वर नागवंशी द्वारा थाना सीतापुर पुलिस को लाखों रूपये की धोखाधड़ी होने की सूचना मिलने के बाद सीतापुर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला पंजीबद्ध किया था और अज्ञात आरोपियों की पतासाजी शुरू की थी। वहीं साइबर सेल द्वारा सरगुजा पुलिस की स्पेशल टीम को आरोपियों का लोकेशन झारखंड

मिला था। जिसके बाद सरगुजा की स्पेशल टीम ने झारखंड जाकर धोखाधड़ी करने वालें 4 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपियों के पास से पुलिस टीम ने 1 लाख 41 हजार रूपये और 7 नग मोबाइल भी जप्त किया है, वहीं पूरें मामलें में सरगुजा पुलिस ने सभी 4 आरोपियों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 420,34 और 66-डी आईटी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध करते हुए सभी आरोपियों को पुलिस टीम ने न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल अंबिकापुर भेज दिया है और मामलें में आगे की विवेचना शुरू कर दी है।

दुर्गम क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाओं का मिल रहा लाभ

विकास प्रदर्शनी देखने आए जशपुर जिले के सरपंचों ने कहा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

दुर्गम क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाओं का अच्छा लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। यह कहना है राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित डीडीयू आडिटोरियम में लगाई गई विकास परक राज्य स्तरीय छायाचित्र प्रदर्शनी देखने के लिए आए जशपुर जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों का। जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई इस प्रदर्शनी को देखने के लिए अलग-अलग जिलों के जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

इस प्रदर्शनी के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितैषी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लोगों के जीवन में आए बदलाव और विकास कार्यों की उपलब्धियों को दिखाया गया है। आज जशपुर जिले के सरपंचों ने प्रदर्शनी को देखा और सराहा। प्रदर्शनी का अवलोकन करने के

छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को मिल रही शासकीय योजनाओं की जानकारी

बाद जशपुर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार सभी वर्गो के आर्थिक उत्थान के लिए योजनाओं का संचालन कर रही है। ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। महिला सशक्तिकरण के सपनों को सफल करने सरकार सभी आवश्यक कदम उठा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के माध्यम से डॉक्टर अब गांव.गांव पहुंच कर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रहा हैं। कुनकुरी विकासखंड की ग्राम पंचायतों रेंगारघाट, केराडीह, चटकपुर, सेंद्रीमुंडाए बेमतातोलीए खुटगांव आदि के सरपंचों ने कहा कि मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के माध्यम से दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। इसी तरह दुलदुला विकासखंड के ग्राम कस्तूरा, विपंतपुर, वासुदेवपुर, केंदापनी, लोरो, जामपानी, कोरना आदि के सरपंचों ने सुराजी गांव योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना की सराहना की।

मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने युवक को गोली मारी

कोंडागांव । नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में ग्रामीण को गोली मारकर हत्या कर दी. शनिवार देर रात घटना को अंजाम देने के बाद नक्सलियों ने पर्चा फेंका है. मर्दापाल थाना क्षेत्र के खड़खड़ी की घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. एसपी दिव्यांग पटेल युवक की गोली मारकर हत्या किए जाने की की पुष्टि की है।

युवती को शादी का प्रलोभन देकर लगातार शारिरिक शोषण करने वाले आरोपी गिरफ्तार

आरोपी एवं उनकी मॉ के द्वारा युवती के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की दी जा रही थी धमकी

धमतरी । जिले के थाना रूद्री क्षेत्रांतर्गत ग्राम भटगांव निवासी युवती द्वारा थाना रूद्री में लिखित शिकायत दिया गया था कि आरोपी तुकेश्वर ध्रुव पिता अनूप ध्रुव उम्र 26 वर्ष निवासी भटगांव के द्वारा युवती को फरवरी से मई 2022 तक अपने घर पर रखकर शादी का झांसा देकर लगातार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया गया है साथ ही शादी करने की बात करने पर आरोपी व उसकी मां श्रीमति कलेन्द्री बाई द्वारा युवती को गाली गलौच जान से मारने की धमकी देने से साथ साथ घर से बाहर नहीं निकलने देते थे ।

युवती की शिकायत पर आरोपी तुकेश्वर ध्रुव व उसकी मां कलेन्द्री बाई ध्रुव के विरूद्ध थाना रूद्री के अपराध क्र. 57/22 धारा 376 , 294 , 506 , 342,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के त्वरित कार्यवाही के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पॉल के मार्गदर्शन में एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री जी.सी.पति के नेतृत्व में थाना प्रभारी रूद्री द्वारा आरोपी तुकेश्वर ध्रुव को गिरफ्तार किया जाकर आज दिनांक 18.06.22 को मान.न्यायालय धमतरी के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है एवं आरोपी के माँ के खिलाफ भी गिरफ्तारी की कार्यवाही की जा रही है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी विनय कुमार पम्मार एएसआई. सूरजपाल साहू , भीष्म अवस्थी , आरक्षक अनिल साहू, जितेन्द्र ठाकुर,डोमन सिन्हा ,पंकज प्रधान कि सराहनीय भूमिका रही।

अनुपयोगी एवं ओपन बोरवेल को तत्काल ढकवाने कलेक्टरों ने दिए सख्त निर्देश

अनुपयोगी एवं ओपन बोरवेल की रोकथाम किए जा रहे सार्थक प्रयास में आम जनता से सहयोग की अपील

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार राज्य में अनुपयोगी एवं ओपन बोरवेल को सुरक्षा की दृष्टिकोण से तत्काल ढकवाने के निर्देश सभी कलेक्टरों को दिए गए हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने जिले के अनुपयोगी बोरवेल, ग्रेबल पैक बोरवेल सामान्य बोरवेल, नवीन नलकूप खनन, रिंगवेल और ओपन वेल की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए अनुपयोगी बोरवेल को तत्काल बंद करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

हेल्प लाइन नंबर 9340125207 में संपर्क किया जा सकता है

कलेक्टर ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि अनुपयोगी बोरवेल्स को किसी भी स्थिति में खुला न छोड़ा जाए। बोरवेल फेल होने की स्थिति में बोर होल अथवा गड्ढे को तत्काल मिट्टी रेत पत्थर से भरकर सतह को

पूर्व की भांति समतल और ठोस किया जाए। उन्होंने अनुपयोगी बोरवेल की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा वर्ष 2009 में रिट पिटिशन क्रमांक 09 के संबंध में पारित आदेश का कठोरतापूर्वक पालन करने को भी कहा है। साथ ही आम लोगों को इसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन के दिए गए नि:शुल्क हेल्प नम्बर में भी देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आम जनता की सहयोग के लिए नम्बर जारी किया गया है। इनमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता व्ही के उरमालिया 9424150257, जिला नोडल अधिकारी कमल प्रसाद कंवर सहायक अभियंता 9340125207, कलेक्टर कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी खुले और अनुपयोगी ट्यूबवेल बोरवेल की सूचना दी जा सकती है। कलेक्टर ने कहा कि विगत दिवस जांजगीर-चांपा जिले में मालखरौदा विकासखंड के ग्राम पिहरीद में भी एक बालक के बोरवेल में गिरने की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि है कि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसलिए कोई भी बोर उपयोग हो रहा हो, अनुपयोगी हो चुका हो, निष्प्रयोज्य घोषित हो चुका हो, केसिंग सहित हो अथवा केसिंग निकाला जा चुका होए किसी भी प्रयोजन के लिये भी हो, शासकीय बोर हो अथवा निजी या किसी भी निकाय संस्था का बोर होए जिसका उपयोग पेयजल, सिंचाई, वाणिज्यिक या उद्योग के लिए किया जाता हो, सामान्यत: नलकूप खनन के दौरान कई बार भसकने वाले स्ट्रेटा प्राप्त होने से, सब-साइल जल दबाव अधिक होने से बोल्डर प्राप्त होने से टूल्स गिरने अथवा टूटने या अन्य कारणों से नलकूप खनन संभव नहीं हो पाता है। फलस्वरूप गड्ढा यथावत छोड़ दिया जाता है। उन्होंने कहा कि कई बार नलकूप खनन के दौरान विभिन्न कारणों से केसिंग डालने के पश्चात भी नलकूप खनन कार्य पूर्ण नहीं हो पाता है एवं केसिंग पाईप निकाल लिया जाता है।

उपरोक्त दोनों ही स्थिति में अधूरे कार्य की वजह से निर्मित बोरहोल दुर्घटना का कारण बनता है। अत: ऐसी स्थिति में गड्ढे को मिट्टी, रेत, पत्थर या अन्य उचित सामग्री से भरा जाकर सतह को पूर्व की भांति किया जाना सुनिश्चित किया जाये यह कार्यवाही कार्य स्थल से मशीन हटाये जाने के पूर्व अनिवार्यत: किया जाये। इसी तरह ग्रेवेल पैक नलकूप विभागीय मानदंडों के अनुसार 25 मीटर से अधिक कॉलेप्सिबल स्ट्रेटा प्राप्त होने पर ही ग्रेवेल पैक नलकूप मान्य किया जाता है। कई बार ग्रेवेल पैक नलकूप खनन के दौरान 25 मीटर से कम कोलेप्सिबल स्ट्रेटा प्राप्त होने के फ लस्वरूप उस स्थल पर नलकूप खनन कार्य स्थगित कर अन्य स्थान पर कार्य प्रारंभ कर दिया जाता है। इस प्रक्रिया के फ लस्वरूप निर्मित बोरवेल तुलनात्मक रूप से अधिक व्यास के होने के कारण दुर्घटना के कारण बन जाते हैं। अत: ऐसे बोर होल्स को स्थल से मशीन हटाने के पूर्व मिट्टी, रेत, पत्थर या अन्य उचित सामग्री से भरा जाकर सतह को पूर्व की भांति समतल एवं ठोस किया जाना सुनिश्चित किया जाये। नलकूप खनन के दौरान कई बार ऐसी स्थिति निर्मित होती है कि नलकूप में पर्याप्त जल आवक क्षमता प्राप्त नहीं होती है। ऐसे नलकूपों को एमएस कैंप एवं क्रंकीट ब्लाक बनाकर सुरक्षित रखा जाना अनिवार्य हैए लेकिन कई बार ऐसे नलकूपों में कांक्रीट ब्लाक नहीं बनाया जाकर सिर्फ ,मएस कैंप ही लगा दिया जाता है। कालांतर में एमएस कैंप के टूट-फ ूट हो जाने पर दुर्घटना घटने की संभावना बढ़ जाती है।

कलेक्टर ने अधिकारियों को सभी सूखे नलकूपों पर अनिवार्य रूप से सीमेन्ट, कांकीट ब्लाक बनाया जाकर स्थल को सुरक्षित करने को कहा है। उन्होंने कहा है कि प्राय: यह देखा गया है कि नवीन नलकूप खनन के पश्चात हेण्डपंप, पावर पंप स्थापना के पहले बोरवेल को बिना कैपिंग के या सुरक्षात्मक उपाय किये बिना खुला छोड़ दिये जाने से भी दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। नवीन नलकूप खनन के तत्काल पश्चात, हेण्डपंप, पावर पंप स्थापना के पूर्व सभी आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित किये जावे। कई क्षेत्रों में जहां भू-जल स्तर अच्छा है। वहां लोगों द्वारा बाड़ी एवं खेतों में निस्तारी एवं सूक्ष्म सिंचाई हेतु रिंगवेल या ओपनवेल खनन किया जाता हैं। लेकिन पर्याप्त सुरक्षा के स्थायी उपायों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता है और सतह को खुला छोड़ दिया जाता है। जो दुर्घटना के कारण बनता है।

एक गांव ऐसा जहां के लोग कुएं का गंदा पानी पीने को मजबूर

कलेक्टर, विधायक,मंत्री, एवं पीएचई अफसर से मांग के बाद भी नहीं मिला स्वच्छ पानी

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

जहां एक तरफ सरकार लोगों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने नल से हर घर जल योजना का ढिंढौरा पीट रही है वही छग के देवभोग ब्लाक के झिरीपारा पंचायत के नीमगोछिया पारा के 12 घर के सौ से अधिक ग्रामीण 10 साल से स्वच्छ पेयजल के लिये तरस रहे है।

पारा के बारह घर के लोग कुएं का गंदा पानी पीने को मजबूर इसलिये है क्योकि गांव में एक भी हेंडपम्प नहीं है। यहां के लोग 10 साल से एक नलकूप की मांग कर रहे हैं। मगर आज तक किसी ने इनकी सुध नहीं ली।

नलकूप की आस में ग्रामीणो ने कहां नहीं लगाया गुहार

पानी को लेकर गांव की जरूरत ऐसी की यहां के लोगों ने पूर्व सरकार के समय ग्राम सुराज में आवेदन किया झाखरपारा मंत्री दौरे में गुहार लगाई वही वर्तमान सरकार के में भी कलेक्टर एसडीएम,पीएचई विभाग के अफसरों को से भी मांग की पर इनकी मांग पर किसी की नजर नहीं गयी। झिरीपानी के पूर्व सरपंच थबीरो मांझी ने भी कई बार प्रयास किया मगर उनका प्रयास भी असफल रहा।

दस साल से कुंआ का गंदा पानी पीने मजबूर आये दिन होते हैं बीमार के शिकार

गांव में एक कच्चा कुंआ है जहां गंदगी भी पसरा हुआ है फिर भी यहां के लोग इस कुएं का गंदा पानी पीने मजबूर है। गांव से पंचायत मुख्यालय झिरीपानी की दूरी दो किमी है यहां चार पांच हेंडपम्प है मगर इस गांव के लिये यहां से पेयजल लाना महिलाओं के लिये सम्भव नहीं है। बरसात के दिनों में खेत का पानी भर जाता है इसको पीकर पारा के लोग आये दिन बीमार का शिकार हो जाते है।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

इंजीनियर के झूठी रिपोर्ट के चलते नीमगोछियापारा में नलकूप नहीं

ग्रामीणों के मांग के बाद पीएचई विभाग ने पेयजल को लेकर एक प्रयास किया था इंजीनियर को भेज वहां स्थिति पता कराया था मगर इंजीनियर की दो घर निवास वाले झूठी रिपोर्ट ने गांव के आस पर पानी फेर दिया। गांव वालों का कहना है इसके बाद से शुद्ध पेयजल का आस भी खत्म हो गया है।

कोई तो हमें पानी दिला दो साहब..ग्रामीण

जब इस बात की खबर जोहार छग को लगी तो हमारे संवाददाता जयविलास शर्मा झिरीपानी के इस गांव में पहुंचे तो वहां के पंच सुमित्राबाई मांझी,उग्रेसेन जगदीश,गजेन्द्र आदि लोगों ने कहां हम पानी मांग कर थक चुके हैं कोई तो हमें पानी दिला दो साहब हमारा इंजीनियर घर कम है कहता है मैने फिर से जायजा लेने गांव भेजा था गाड़ी आयेगी तो हैण्डपम्प खनन हो जायेगा समय नहीं बता सकते।

अरूण कुमार भार्गव,एसडीओ पीएचई विभाग देवभोग

एक नजर

सीजी मेडिकल स्टोर्स मोहभट्ठा बेमेतरा का उद्घाटन सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-जोहार बेमेतर।

19 जून 22 उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मेडिकल संचालक डॉ. हरदेव वर्मा व एचपी दिवाकर को सभी रिश्तेदार, मित्रसाथी, व आसपास के वार्ड़ वासियों विधिवत पूजा अर्चना कर राजाराम वर्मा, बसावन वर्मा, मलेश वर्मा, राधा वर्मा, लच्छन वर्मा, महंत रामजी वर्मा, घासी वर्मा, शरद वर्माए रामस्नेही वर्मा, रंभला वर्मा, भूजेंद्र वर्मा, पुर्णिमा वर्मा, विजय सिंहा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, शत्रुहन निषाद पार्षद, दिलीप कुमार, समय लाल साहू, शंभू साहू,अबू साहू, यशवंत चंदेल,लैनदास महेश्वरी, राकेश चतुर्वेदी, प्रिया देवांगन, हेमलता देवांगन, राज माण्डले, भागीरथी नवरंगे, चंद्रप्रकाश गेण्डरे,मणीशंकर, उमाशंकर, महेश, हरजीत,आयुश,सत्यम,तेजस्वी, सानवी एव परिवार सीजी मेडिकल के संचालकों को व्यवसाय में बरकत खूब सफलता मिलता रहे यही शुभकामनाएं सभी अतिथियों ने आशीर्वाद दिए।

नितिन कुमार के ओवर ऑल नेतृत्व में मीलमपल्ली गांव में सर्च एण्ड क्लीन आपरेशन चलाया गया

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

गोपनीय खबर मिलने पर डी कम्पनी सहा. कमा, के रमेश कुमार के नेतृत्व में तथा ई कम्पनी सहा. कमा. सुसील कुमार के नेतृत्व में एवं द्वितीय कमान अधिकारी नितिन कुमार के ओवर ऑल नेतृत्व में मीलमपल्ली गांव की तरफ सर्च एण्ड क्लीन आपरेशन चलाया गया। जिसमे सिविल पुलिस के आरक्षक भी शामिल थे। सर्च एण्ड क्लीन आपरेशन के दौरान संदिग्ध वस्तु देखी गई। स्वान दल को चेक करने के बाद बीडी टीम के सदस्यों के द्वारा उस जगह को चेक किया गया तथा बारूदी सुरंग होने की पुष्टि की गयी। द्वितीय कमान अधिकारी निम्मिन कुमार के द्वारा सभी उच्च अधिकारी तथा सभी प्रशासनिक कार्यालयों को जानकारी दी गयी। फिर बीडी टीम द्वारा बारूदी सुरंग को ब्लास्ट करके बरबाद कर दिया गया। किसी भी प्रकार का कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। इस कार्यवाही से नक्सलियों के मनसूंबो को नाकाम कर दिया गया। ।

बाइक भिड़ंत ने ईवनिंग वॉक के दौरान भाजपा नेता को लिया चपेट में, मौत

बेटा-बेटी के विदेश से लौटने का है इंतजार

भिलाई । बीएसपी रिटायर्ड, भाजपा के नेता रामकृपाल साहू की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। 70 वर्षीय रामकृपाल रोज की तरह रूआबांधा स्थित अपने निवास से ईवनिंग वाक के लिए निकले थे। इसी दौरान दो बाइक आपस में टकरा गईं और रामकृपाल उसकी चपेट में आ गए। बुरी तरह जख्मी होने पर उन्हें समीप के अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा कि परिजनों के विदेश से आने के बाद 20 जून को रिसाली मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

थाना कोंटा में नारकोटिक एक्ट के आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

जिला सुकमा में सुनील शर्मा पुलिस अधीक्षक सुकमा, किरण चौहान, ओम चंदेल,सचिन्द्र चौबे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुकमा, कोंटा, रोहित शुक्ला पुलिस अनुविभागीय कोंटा के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशानिर्देशन पर जिले में नशामुक्ति एवं अवैध गांजा तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना कोंटा में सोमवार को निरीक्षक शिवानंद सिंह थाना प्रभारी कोंटा एवं थाना स्टाफ के द्वारा मुखबीर सूचना पर आरोपियों कपिल ढाली पिता कृष्णापद ढाली उम्र 20 वर्ष जाति नमोशुद्रो साकिन एमव्ही 66 थाना कालीमेला जिला मलकानगिरी ओडिशा, तुफान मंडल पिता सुखरंजन मंडल उम्र 19 वर्ष जाति नमोशुद्रो साकिन एमव्ही 75 थाना मोटू जिला मलकानगिरी ओडिशा निशांतो विश्वास पिता नबीन विश्वास उम्र 20 वर्ष जाति नमोशुद्रो साकिन एमव्ही 66 थाना कालीमेला जिला मलकानगिरी ओडिशा को एक सिल्वर रंग की कार क्रमांक यूपी 80 बीएस 2802 में 48 किलोग्राम कीमती करीबन 250000.00 अवैध मादक पदार्थ गांजा का उड़िसा से हैदराबाद परिवहन करते हुये वनोपज जांच नाका कोंटा के पास पकड़ा गया है। आरोपियों के खिलाफ थाना कोंटा में अपराध पंजीबद्ध कर वाहन एवं मादक पदार्थ जप्तकर आरोपी को माननीय न्यायालय के आदेश पर जेल दाखिल किया गया।

अमृत सरोवर बनेगा गांव में जल समस्या और रोजगार के लिये वरदान

गांव के तालाब को विकसित करने राज्य और केन्द्र की कारगर योजना

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

देशभर में आजादी के 75वर्ष पर अमृत महोत्सव मनाया जा रहा हैं। ऐसे में केन्द्र सरकार ने गांव में जल संवर्धन इसके साथ-साथ तालाब में सैर सपाटे और तालाब को रोजगार मूलक बनाने तालाब के चारो ओर पेड लगाने की महती योजना अमृत सरोवर जिसे 24 अप्रैल को शुरू कर दी है।

छग शासन ने इसके लिये राज्य में लागू कर दिया है जिसके तहत ग्राम पंचायत में तालाब का चयन किया जा रहा है। शासन ने इसे प्रमुखता के साथ करने के निर्देश भी जारी कर दिये है ग्राम पंचायत अपने पंचायत क्षेत्र के ऐसे तालाब जिसका सौंदर्यीकरण किया जाना आवश्यक है उसका चयन कर स्वीकृति के लिये प्रस्ताव के साथ जनपद पंचायत में जमा कर रहे है।

वित्त आयोग मनरेगा मद से बनेगा अमृत सरोवर

ग्रामीण हो या शहरी क्षेत्र अमृत सरोवर के लिये केन्द्रीय वित्त आयोग,राज्य वित्त आयोग और मनरेगा से राशि स्वीकृत किये जायेंगे। देवभोग सीईओ एमएल मण्डावी ने बताया गांव में उपेक्षित तालाब जहां ना तो पानी संरक्षित होता है और ही उसकी स्वच्छता को लेकर पहल होता है ऐसे तालाब को चयनित कर उसे अमृत सरोवर निर्माण करने के पिछे सरकार का उद्देश्य तालाब का जीर्णोद्वार करना है।

देवभोग में 16 पंचायत के 16 तालाब का चयन

देवभोग ब्लाक मे 54 पंचायत है अमृत सरोवर के लिये 16 पंचायत को स्वीकृति के लिये भेजा गया था। जिसमे माहुलकोट मोखागुडा और एक अन्य के साथ 3 पंचायत का निरस्त हो गया बाकि के गाडाघाट कदलीमुडा, गंगराजपुर,सुकलीभांठा पुराना, घुमरगुडा, लाटपारा, सीनापाली दरलीपारा, दिवानमुडा,मुंगझर, करलागुडा,कोदोभाठा 13 पंचायत को अमृत सरोवर के लिये चयन कर लिया गया है। इसके लिये जनपद पंचायत ने पचायत मांगपत्र के साथ उच्च कार्यालय को प्रस्ताव भेज दिया है सीईओ का कहना है कुछ दिन बाद स्वीकृत मिल जायेगा और गांव में अमृत सरोवर का काम शुरू कर दिया जायेगा।

गंदगी ना हो इसके लिये बनेगे डायवर्सन नाली

गांव का तालाब में अक्सर गंदगी देखी गयी है इसके लिये अमृत सरोवर मे गंदगी रोकने डायवर्सन नाली का निर्माण कराया जायेगा और इसके स्वच्छता को लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर जन जागरण लाया जायेगा। सरोवर में शुध्द पानी जाये इसके लिये प्रवेश द्वार पर स्क्रीन और सिल्ट चेम्बर लगेगा वही ज्यादा से ज्यादा वर्षा का जल सरोवर में प्रवेश करे इनलेट की व्यवस्था रहेगी। स्थानीय प्रशासन का कहना है गांव में अमृत सरोवर एक धरोहर के रूप में होगा जिसका संरक्षण व संवर्धन करना ग्रामीणो की जिम्मेदारी हो ऐसे जागरूकता की भी आवश्यक है। और रख रखाव पंचायत को करना होगा। उधर गांव वालों में भी अमृत सरोवर को लेकर भारी उत्साहित है लोग इसके संरक्षण को लेकर गांव में कड़े नियम बनाने की बात कह रहे है।

डेढ़ घंटे की झमाझम बारिश, किसानों के चेहरे खिले

नपा के सफाई व्यवस्था की पोल खुली, नाली की गंदगी सड़क पर

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

रविवार को आखिरकार मानसून ने दस्तक दे दी हैं। पूर्वान्ह 11 बजे आसमान में बादलों में मण्डराना शुरू किया और थोड़ी देर बाद हुई झामाझम बारिश से जहां किसानो के चेहरे खिल उठे वही अन्य लोगो ने भी राहत महसूस की।

लगभग सवा से डेढ़ घंटे तक हुई बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। हुई बारिश ने नगर पालिका के सफाई वयवस्था की भी पोल खोल कर रख दी नालियों मे जमा कचरा बारिश की पानी के साथ सड़को पर बहने लगा। स्वामी चौक और नहरू चौक दे दायरे में व्यापारियों सहित राहगिरों को भी सड़क के ऊपर नाली की गन्दगी बहने से काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ा। नगर की निचली बस्तियों में भी जल भराव होने से लोगों को असुविधाओं का सामना करना पड़ा है। आज लगातार डेढ़ घंटे हुई बारिश से किसी प्रकार की हानि के समाचार नही मिले है अलबत्ता बागबाहरा रोड मे सितलीनाला के पास एक पेड़ के सड़क पर गिरने की खबर है जिसके लिए लोकनिर्माण विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार बताया गया है

पॉलीथीन एवं तिरपाल की दुकानों में जुटी भीड़

कई दिनों की आंख मिचौली के बाद आज बादल जमकर बरसे और बारिश के बाद रेनकोट त्रिपाल और पॉलीथीन की दुकानो में खरीदारों की काफी भीड़ नजर आयी। छाटा बेचने वालो ने भी आज तगड़ी ग्राहकी का लाभ उठाया।

थाना चिंतलनार क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मिलियमपल्ली मुख्य मार्ग के किनारे 10 किलो वजनी आईईडी बरामद

नक्सलियों ने किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की थी साजिश

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

जिला सुकमा में सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर छग योज्ञान सिंह उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ परिचालन सुकमा रेंज के मार्गदर्शन एवं सुनील शर्मा पुलिस अधीक्षक सुकमा, रघुवंश कुमार कमांडेण्ट 223 वाहिनी सीआरपीएफ , किरण चौहान अति. पुलिस अधीक्षक नक्स. ऑप्स एवं विजय सिंह राजपूत पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जगरगुण्डा के निर्देशन में में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत् 18 जून 2022 को कैम्प नरसापुरम से टूआईसी नीतिन कुमार 223 वाहिनी सीआरपीएफ , सहायक कमाण्डेन्ट रमेश कुमार एवं सुशील कुमार के हमराह 223 वाहिनी सीआरपीएफ व जिला बल का संयुक्त बल एरिया सर्चिंग हेतु मिलियमपल्ली जंगल एरिया व आसपास क्षेत्र की ओर रवाना हुये थे कि अभियान के दौरान नरसापुरम व जगरगुण्डा के मध्य ग्राम मिलियमपल्ली के पास मुख्य मार्ग के किनारे नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को क्षति पहुंचाने की नीयत से लगाये। गये 01 नग आईईडी लगभग 10 किग्रा. वजनी को बरामद किया गया। जिसे 223 वाहिनी सीआरपीएफ की बीडीएस टीम द्वारा सुरक्षित तरीके से मौके पर नष्ट किया गया।

सर्चिंग के दौरान सुरक्षाबलों ने आईईडी बरामद कर नक्सलियों की साजिश को किया नाकाम

* 223 वाहिनी सीआरपीएफ एवं जिला पुलिस बल की संयुक्त कार्यवाही

वह लगभग एक महीने में एक मुक्त पक्षी बन जाएंगी: छवि मित्तल

लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री छवि मित्तल कैंसर से अपनी लड़ाई को लेकर सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। अब उसने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर यह साझा किया कि, आखिरकार उसके सभी विकिरण चिकित्सा सत्र हो चुके हैं और लगभग 30 दिनों के बाद पूरी तरह से ठीक हो जाएंगी। उसने कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं और सभी प्रतिबंधों से छुटकारा पाने और हाल ही में अंतिम विकिरण चिकित्सा सत्र में भाग लेने की अपनी खुशी के बारे में साझा करने के लिए एक लंबा संदेश लिखा। छवि ने लिखा, मैं शांत नहीं रह सकती क्योंकि मेरा विकिरण खत्म हो गया है, मैं केवल इस बिंदु से ठीक हो गयी हूं। मुझे 30 और दिनों के लिए सभी प्रतिबंधों का पालन करना होगा और फिर मैं एक स्वतंत्र पक्षी बनूंगी।

बिकिनी पहनकर इंटरनेट का पारा हाई करती नजर आई ईशा तलवार

वेब सीरीज मिर्जापुर 2 में माधुरी यादव के किरदार से सुर्खियां बटोरने वालीं ईशा तलवार अपने हुस्न का जमकर जलवा बिखेरती हैं. भले ही सीरीज में ईशा हमेशा सिंपल लुक में नजर आई थीं, लेकिन उनकी रियल लाइफ की तस्वीरें देखकर आपके होश उड़ जाएंगे.

ईशा तलवार सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी एक से एक हॉट तस्वीरें शेयर करती रहती हैं, जिसे उनके फैंस बहुत पसंद करते हैं. उनकी हर एक अदा बहुत कातिलाना है और इसका सबूत उनका इंस्टाग्राम अकाउंट है.

ईशा तलवार कभी बिकिनी तो कभी मोनोकिनी में अपनी हॉटनेस से इंटरनेट का पारा हाई कर देती हैं. उनकी तस्वीरों को जमकर लाइक और शेयर किया जाता है.

तस्वीरों में ईशा तलवार ने अपने परफेक्ट फिगर को फ्लॉन्ट किया है. उनकी हर एक फोटो को लाखों में लाइक्स मिलते हैं. फैंस कमेंट सेक्शन में ईशा की तारीफ करते थकते नहीं है. मिर्जापुर में ईशा तलवार ने मुन्ना त्रिपाठी यानी दिव्येंदु शर्मा की पत्नी माधुरी यादव का रोल निभाया था, जिसे बहुत पसंद किया गया. मालूम हो कि हाल ही में मिर्जापुर 3 का ऐलान किया गया है, जिसमें वह एक बार फिर नजर आएंगी.

वर्क फ्रंट की बात करें तो ईशा तलवार पिछली बार फिल्म शर्माजी नमकीन में नजर आई थीं, जिसमें उन्होंने दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर के साथ काम किया था. इसके अलावा वह कई हिंदी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं, जिसमें ट्यूबलाइट, कालाकांडी, आर्टिकल 15, गिन्नी वेड्स सनी; शामिल हैं।

टेलीविजन अभिनेत्री रूप दुर्गापाल ने टीवी से लिया ब्रेक

टेलीविजन अभिनेत्री रूप दुर्गापाल जो बालिका वधू में सांची की भूमिका और रंग प्यार के ऐसे भी में अपने कैमियो के लिए प्रसिद्ध हैं। अब अभिनेत्री टीवी से ब्रेंक लेकर थिएटर में अपनी रुचि साझा करना चाहती हैं। अभिनेत्री रूप दुर्गापाल कहती हैं, मैं काफी समय से थिएटर कर रही हूं। मुझे लगता है कि एक अभिनेता के लिए, सभी माध्यमों में काम करना बहुत अच्छा है। मैं रंगशिला थिएटर से जुड़ी हुई हूं और इसने मुझे एक अभिनेता के रूप में खुद को तलाशने का मौका दिया है।

मुझे थिएटर का हिस्सा बनना पसंद है और यह मेरे जीवन के सबसे समृद्ध अनुभवों में से एक रहा है।

अभिनेत्री ओटीटी और फिल्मों जैसे माध्यमों की खोज करने की उम्मीद कर रही है। अभिनेत्री कहती हैं, हालांकि मैं अब वेब स्पेस और फिल्मों में अच्छे अवसरों की तलाश कर रही हूं, लेकिन मेरा इरादा किसी न किसी तरह से थिएटर से जुड़े रहने का है।

बहुत अधिक पसीना आना हो सकता है इस बीमारी का संकेत, जानें इसे रोकने के घरेलू उपाय

गर्मी के मौसम में पसीना निकलना आम बात है। पसीना निकला शरीर के लिए जरूरी गतिविधियों में से है। इससे शरीर की गंदगी बाहर निकल जाती है। और त्वचा पर नैच्यूरल ग्लों भी बना रहता है। इसके अलावा यह वजन, मूड और नींद को सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। लेकिन कुछ लोग ऐसे होते है जिन्हें बहुत ज्यादा पसीना आता है। बिना किसी बीमारी, शारीरिक गतिविधि और गर्मी के पसीना आना सेहत के लिए अच्छा नहीं होता है। यह परेशानी तब होती है जब शरीर से पसीने को बाहर निकालने वाली ग्रंथियां ऑवर एक्टिव हो जाती हैं।

सामान्य से अधिक पसीना आना हाइपरहाइड्रोसिस के कारण हो सकता है। इस रोग से पीड़ित लोगों के पसीने की ग्रंथियां अधिक सक्रिय हो जाती हैं। इसी वजह से इन लोगों के हाथ और पैर में पसीना आने लगता है। हाइपरहाइड्रोसिस बीमारी दो तरह की होती है। प्राइमरी तो नहीं लेकिन सेकेंड्री हाइपरहाइड्रोसिस से पीड़ित मरीज कई बीमारियों की चपेट में आ सकता है। ये बीमारियां है शुगर का बढ़ जाना, लो ब्लड प्रेशर और हाइपर थायरॉइडिज्म। के अनुसार हाइपरहाइड्रोसिस से लगभग 3 प्रतिशत आबादी ग्रसित है।

ज्यादा पसीना आने के ये दो कारण

अगर बिना किसी बीमारी के ज्यादा पसीना निकलता है तो इसके पीछे इसे बाहर निकालने वाली ग्रंथियां जिम्मेदार होती है। ये जब ऑवर एक्टिव हो जाती हैं तो शरीर से सामान्य से ज्यादा पसीना निकलने लगता है।

जब कोई व्यक्ति थायराइड ग्लैंड डिसऑर्डर, डायबिटीज, मेनोपॉज, बुखार, घबराहट और हार्ट संबंधित रोगों से ग्रसित होता है।

ज्यादा पसीना निकल रहा है तो खाने पर रखें कंट्रोल

- मसालेदार खाना और खट्टा कम खाएं या न खाएं।
- आहार में गर्म खाद्य पदार्थों को शामिल न करें।
- रोज 10 भिगोएं हुए किशमिश को खाली पेट खाएं।
- आहार में कसैले और मिट्ठे स्वाद वाले खाद्य पदार्थों को ज्यादा खाएं।

इन पेय पदार्थ का करे सेवन

धनिया पानी

धनिया के बीजों को पीसकर रात भर पानी में भिगोकर रख दें। सुबह खाली पेट इसका सेवन करें।

टिनिटस के प्रभाव को कम करने में मदद करते हैं ये योगासन, जानिए अभ्यास का तरीका

टिनिटस कान से जुड़ी एक बीमारी है, जिससे ग्रस्त व्यक्ति को कानों में सीटी या भिनभिनाने जैसी आवाज सुनाई देती है, जबकि ये आवाजें कहीं बाहर से नहीं आती। सुनने की क्षमता कम होने, कान में मैल का जमाव, कान में चोट या संक्रमण होने आदि के कारण टिनिटस हो सकता है। हालांकि, कुछ योगासनों का नियमित अभ्यास इसके प्रभाव को कम करने में मदद कर सकता है। आइए आज ऐसे कुछ योगासनों के अभ्यास का तरीका जानते हैं।

गोमुखासन- सबसे पहले योगा मैट पर दंडासन की स्थिति में बैठकर अपने दाएं पैर को मोड़ें और इसे बाईं जांघ के ऊपर से ले जाते हुए बाएं नितंब के पास जमीन पर रख लें। इसी तरह अपने बाएं पैर को मोड़ते हुए दाईं जंघा के नीचे से दाए नितंब के पास जमीन पर रख लें। अब अपने दोनों हाथों को कोहनी से मोड़ते हुए उन्हें पीठ के पीछे आपस में पकड़ने का प्रयास करें। कुछ देर इसी अवस्था में बने रहें।

उष्ट्रासन - उष्ट्रासन का अभ्यास करने के लिए सबसे पहले योगा मैट बिछाकर उस पर घुटनों के बल बैठ जाएं, फिर घुटनों के बल ही खड़े हो जाएं। अब सामान्य रूप से सांस लेते हुए पीछे की ओर झुकें और दाईं हथेली को दाईं एड़ी पर और बाईं हथेली को बाईं एड़ी पर रखने की कोशिश करें। इस मुद्रा में कम से कम एक-दो मिनट रहने के बाद धीरे-धीरे सामान्य हो जाएं और कुछ मिनट विश्राम करें।

विपरीतकरणी आसन- विपरीतकरणी आसन का अभ्यास करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर सीधे पीठ के बल लेट जाएं। अब अपने पैरों को धीरे-धीरे ऊपर की तरफ उठा कर 90 डिग्री का कोण बना लें। ध्यान रखें कि आपके तलवे ऊपर की ओर होने चाहिए। इसके बाद अपने नितंब को ऊपर उठाने की कोशिश करें। इस मुद्रा में कम से कम दो-तीन मिनट तक रहने के बाद धीरे-धीरे सामान्य हो जाएं। इसके बाद दोबारा इस योगासन का अभ्यास करें।

मत्स्यासन- मत्स्यासन का अभ्यास करने के लिए सबसे पहले योग मैट पर पद्मासन की मुद्रा में बैठ जाएं। अब अपनी पीठ की दिशा में झुकें और अपने सिर को जमीन से सटाने की कोशिश करें। इसके बाद अपने पैरों की उंगलियों को पकड़ें और जितना संभव हो सके उतनी देर इसी मुद्रा में रूकने की कोशिश करें। कुछ मिनट तक ऐसे ही रहने के बाद धीरे-धीरे सामान्य अवस्था में आ जाएं।

खेल

रोच ने खोला पंजा

वेस्टइंडीज जीत के करीब, अब सिर्फ 35 रनों की दरकार, बांग्लादेश की दूसरी पारी 245 पर सिमटी

एंटीगुआ। केमार रोच (53/5) और अल्जारी जोसेफ (55/3) की सटीक गेंदबाजी ने बांग्लादेश दौरे के पहले मुकाबले के तीसरे दिन ही मेजबान वेस्टइंडीज को जीत के करीब पहुंचा दिया है।



विंडीज को जीत के लिए महज 35 रनों की दरकार है। दूसरी पारी में मेजबान टीम को जीत के लिए 84 रनों का लक्ष्य मिला था। यह मुकाबला एंटीगुआ के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। बांग्लादेश के 84 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट पर 49 रन बना लिए हैं। ओपनर जॉन कैंपबेल (28) के साथ जर्मेन ब्लैकवुड (17) नाबाद लौटे। टीम ने पहले चार ओवर में 9 रन पर तीन विकेट खो दिए थे। उस समय ऐसा लग रहा था कि बांग्लादेशी गेंदबाज बड़ा उलटफेर कर सकते हैं, मगर फिर कैंपबेल और ब्लैकवुड ने क्रीज पर पांव जामाए और दिन के अंत तक कोई विकेट नहीं गिरने दिया। बांग्लादेश के लिए यह तीनों विकेट खालिद अहमद ने चटकाए। बांग्लादेश की टीम ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 50 रनों से की की। उसके बाद बड़ा स्कोर कर मैच में वापसी का मौका था। क्योंकि मैच के तीन दिन शेष थे। लेकिन बांग्लादेशी बल्लेबाजों ने निराश किया। पहली पारी में 103 पर आउट होने वाली टीम दूसरी पारी में 245 रन ही बना सकी। उसकी ओर से कप्तान शाकिब अल हसन (63) और विकेट कीपर नुरुल हसन (64) ही फिफ्टी जमा सके।

टीम ने एक समय 109 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। मगर इन दोनों खिलाड़ियों की शतकीय साझेदारी ने टीम की लाज बचाई। ओपनर तमीम इकबाल 22 और महमूदुल हसन 42 रन के निजी स्कोर पर आउट हुए।

रोच के साथ जोसेफ भी कारगर रहे

मेजबान टीम की ओर से केमार रोच और अल्जारी जोसेफ कारगर गेंदबाज साबित हुए। रोच ने दूसरी पारी में 5 विकेट लेकर मेहमान टीम की कमर तोड़ दी। रोच के इन पांच विकेट में कप्तान शाकिब के साथ नुरुल का विकेट भी शामिल था।

47वीं बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा मुंबई

मध्य प्रदेश से होगी खिताबी भिड़ंत

नई दिल्ली । घरेलू क्रिकेट की दिग्गज टीम मुंबई ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के खिलाफ अपने सेमीफाइनल मैच के अंतिम दिन पहली पारी की बढ़त के आधार पर रणजी ट्रॉफी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की औपचारिकता पूरी की। जस्ट क्रिकेट अकादमी मैदान पर 41 बार की चैंपियन टीम ने इस मुकाबले की पहली गेंद से अपना दबदबा कायम करते हुए उत्तर प्रदेश को कोई मौका नहीं दिया। यह मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। मुंबई की टीम रिकॉर्ड 47वीं बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची है। 22 जून को होने वाले रणजी ट्रॉफी के फाइनल में मुंबई का सामना मध्य प्रदेश से होगा, जिसने पहले सेमीफाइनल में बंगाल को 174 रन से हराया।

मुंबई ने 46 बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई है ।

एक नजर

पहले वनडे मैच में इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास, 50 ओवर में ठोके 498 रन

नई दिल्ली । नीदरलैंड के खिलाफ खेले गए पहले वनडे मैच में इंग्लैंड की क्रिकेट टीम ने इतिहास रच दिया। पहले वनडे में जोस बटलर ने महज 47 गेंद में शतक ठोक डाला। यह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में दूसरा सबसे तेज शतक है। इंग्लैंड के लिए सबसे तेज सेंचुरी का रिकॉर्ड भी जोस बटलर के नाम ही है। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 498 रन बना दिए, जो वनडे क्रिकेट इतिहास का किसी एक पारी में सबसे बड़ा स्कोर है। इंग्लैंड ने ये स्कोर सिर्फ चार विकेट खोकर बनाया। एक समय पर ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड 500 का आंकड़ा भी पार कर देगी हालाँकि, ऐसा हो नहीं पाया। जानकारी के अनुसार इंग्लैंड की ओर से 3 बल्लेबाजों ने शतक ठोके, जिसमें जोस बटलर के ताबड़तोड़ 162 रन शामिल रहे। जोस बटलर ने सिर्फ 70 बॉल में 162 रन बनाए, जिसमें 14 छक्के और 7 छक्के शामिल रहे. इसके बाद लियाम लिविंगस्टोन ने सिर्फ 22 बॉल में ही 66 रनों की पारी खेल दी, जिसमें 6 चौके और 6 ही छक्के शामिल रहे।

दिनेश कार्तिक की तारीफ में बोले पूर्व दिग्गज- किसी भी सीनियर खिलाड़ी के लिए ऐसी वापसी आसान नहीं

नई दिल्ली । अनुभवी बल्लेबाज दिनेश कार्तिक की भारतीय टीम में वापसी काफी शानदार रही है। कार्तिक ने आईपीएल 2022 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए फिनिशर के रूप में शानदार प्रदर्शन के दम पर नेशनल टीम में वापसी की और मेन इन ब्लू के लिए भी अपने उसी फॉर्म को जारी रखा। कार्तिक ने शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ राजकोट में खेले गए चौथे टी20 मैच में छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 27 गेंदों पर 55 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। 2006 में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले कार्तिक का टी20 में यह पहला अर्धशतक है। कार्तिक की इस पारी की पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने जमकर तारीफ की है। नेहरा ने कहा है कि किसी भी सीनियर खिलाड़ी के लिए इस तरह की वापसी आसान नहीं होती है, जिस तरह से कार्तिक ने की है। नेहरा ने क्रिकबज पर बात करते हुए कहा, एक सीनियर खिलाड़ी के लिए इस तरह की वापसी करना कभी आसान नहीं होता। उन्होंने सीरीज में अच्छी शुरुआत की, लेकिन वह एक बड़ी पारी की तलाश में थे। उन्हें नंबर 6 पर बल्लेबाजी करते हुए देखना और अर्धशतक बनाना शानदार था। आप एक अनुभवी खिलाड़ी से यही उम्मीद करते हैं। उन्हें एक फिनिशर के रूप में टीम में चुना गया था, लेकिन वह यह भी जानते हैं कि जरूरत पड़ने पर टीम को कैसे संभालना है। उनके प्रदर्शन को देखकर टीम मैनेजमेंट बहुत खुश होंगे। उन्होंने कहा, जब दिनेश कार्तिक बल्लेबाजी कर रहे थे तब दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाजी सही नहीं थी। लेकिन उनके जैसे खिलाड़ी की प्रतिष्ठा विरोधी को ऐसी गलतियां करने के लिए मजबूर करती है।

टीम इंडिया आज जीती तो इतिहास बनेगा

साउथ अफ्रीका भारत में कभी टी-20 सीरीज नहीं हारी, बारिश बिगाड़ सकती है खेल

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच आज पांचवां और आखिरी टी-20 मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। पांच मैचों की सीरीज अभी 2-2 से बराबर है।

आज टीम इंडिया के पास इतिहास रचने का मौका है। आज तक भारतीय टीम साउथ अफ्रीका को देश में टी-20 सीरीज नहीं हरा पाई है।

साउथ अफ्रीका पहली बार साल 2015-16 में टी-20 सीरीज खेलने भारत आई थी। 3 मैचों की इस सीरीज में भारत को 2-0 से हार का सामना करना पड़ा था। आखिरी टी-20 मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। इस सीरीज में टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी थे। वहीं, इसके बाद साउथ अफ्रीका की टीम 2019-20 में टी-20 सीरीज खेलने भारत आई। इस सीरीज में भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली थे। 3 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर रही और इस सीरीज में भी एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। अब आज टीम इंडिया के लिए पहली बार कप्तानी कर रहे ऋषभ पंत के पास सुनहरा मौका है कि वो मैच जीतने के साथ ही इतिहास में भी अपना नाम दर्ज करा लें। पांचवें टी-20 में मौसम खेल बिगाड़ सकता है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक रविवार को बेंगलुरु में दिन भर बारिश होने की संभावना है। एक्यूवेदर डॉट कॉम के मुताबिक रविवार शाम को बेंगलुरु का तापमान 21 डिग्री रहेगा और बारिश की आशंका 50 फीसदी से भी ज्यादा है। वहीं, हवा की रफ्तार 28 किमी प्रति घंटे रहेगी। चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों को मदद करेगी। ऐसे में टॉस जीतने वाले कप्तान का फैसला पहले गेंदबाजी करने का होना चाहिए, क्योंकि यहां लक्ष्य का पीछा करना काफी आसान होता है।

बेंगलुरु में होगा निर्णायक ब्लॉकबस्टर, सीरीज जीतने के लिए भारत वेस दक्षिण अफ्रीका में होगी रोमांचक जंग

बेंगलुरु । पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-2 की बराबरी हो जाने के बाद रविवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच निर्णायक ब्लॉकबस्टर होगा। दक्षिण अफ्रीका ने दिल्ली और कटक में पहले दो मैच आसानी से जीते, लेकिन भारतीय टीम ने शानदार वापसी करते हुए विशाखापत्तनम और राजकोट में अगले दो मैच जीतकर सीरीज में बराबरी कर ली। राजकोट में चौथे मैच में भारत ने दक्षिण अफ़्रीका पर रनों के हिसाब से टी20 में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। टीम इंडिया की नजरें अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने घर में पहली बार टी20 सीरीज जीतने पर लगी हुई है। प्लेयर ऑफ द मैच रहे दिनेश कार्तिक ने 2006 में भारत का पहला टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला था और उन्हें अपना पहला टी20 अंतर्राष्ट्रीय अर्धशतक लगाने के लिए 16 साल और 35 मैच लग गए। भारत ने चौथा मैच 82 रनों से जीतकर बेंगलुरु में होने वाले अंतिम मुक़ाबले को सीरीज़ का फ़ाइनल बना दिया है। इस मुकाबले में जो टीम अनुशासन के साथ बढ़िया खेलेगी वह सीरीज अपने नाम करेगी। कार्तिक ने हार्दिक पांड्या के साथ पांचवें विकेट के लिए तेज़ 65 रन जोड़े, जिसकी बदौलत एक समय 13 ओवर में चार विकेट खोकर 81 रन पर लड़खड़ा रही भारतीय टीम ने 169 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। भारत ने अंतिम पांच ओवरों में 73 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ़्रीका की बल्लेबाज़ी भारतीय गेंदबाज़ों के सामने टिक नहीं पाई और 87 रन पर सिमट गयी। यह साउथ अफ़्रीका का टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में न्यूनतम स्कोर था।

राज्य का सबसे लंबे समय तक चलने वाला रेस्क्यू ऑपरेशन

पुलिस अधीक्षक की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया सम्मान समारोह का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़- जांजगीर।

10जून को थाना मालखरौदा क्षेत्र के ग्राम पिहरीद में एक 10 वर्षीय बच्चा राहुल साहू बोरवेल में लगभग 60 फिट नीचे गिर गया था जिसे लगभग 106 घण्टे बाद 15 जून को बोरवेल से बाहर निकालने में सफलता प्राप्त हुई, रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा कड़ी मेहनत एवं सूझबूझ से ड्यूटी करने के फलस्वरूप कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित नही हुई जिसके कारण बालक राहुल साहू को शांतिपूर्ण तरीके से बाहर निकालने में सफलता प्राप्त हुई। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा कार्यक्रम के दौरान आपरेशन में सम्मिलित सभी पुलिस अधिकारी- कर्मचारियों को कड़ी मेहनत से ड्यूटी करने एवं आपरेशन को सफल बनाने के लिए बधाई दी गई, उक्त आपरेशन बहुत बड़ा होना भविष्य में इस प्रकार की घटनायें होने पर ड्यूटी के लिए तैयार रहना एवं इस प्रकार की ड्यूटी को जीवन में एक उपलब्धि होना बताया गया। साथ ही वहाँ उपस्थित अधि./कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान किये गये अनुभव के संबंध में अपने अनुभव साझा करने के लिए निमंत्रित किया गया। ड्यूटी में लगे आर.शनि जोशी द्वारा अपने अनुभव में वर्तमान थाना मालखरौदा में पदस्थ होकर डायल 112 की ड्यूटी में तैनात होना एवं डायल 112 की टीम को उक्त घटना के संबंध में इवेंट मिलने पर तत्काल घटनास्थल पहुंचकर बोरवेल के चारों तरफ को रस्सी से घेराबंदी करना एवं उक्त ड्यूटी काफी चुनौतीपूर्ण होना, आर. बलवंत चंद्रा एवं आर. राजेन्द्र कुर्रे द्वारा अपने जीवनकाल में ऐसी ड्यूटी करने का अवसर पहली बार मिलना। प्र.आर. रमेश त्रिपाठी द्वारा दिनांक 10 जून से 15 जून तक ड्यूटी में रहना बोरवेल के आसपास बहुत भीड़ हो जाने से आमजनों को समझाईश देकर भीड़ को नियंत्रित करना। प्र.आर. अजय चतुर्वेदी द्वारा उक्त ड्यूटी के दौरान घटना को देखने के लिए बाहर से

आपरेशन राहुल में सम्मिलित कुल 202 अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र से किया गया सम्मानित

आये लोगों को समझाईश देकर भीड़ को नियंत्रित करना साझा किया गया। इसी प्रकार उप निरीक्षक गोपाल सतपथी द्वारा लगातार 05 दिनों तक ड्यूटी में डटे रहना, राहुल साहू के बोरवेल में गिर जाने के कारण कौतुहल का विषय होना जिसे देखने के लिए आसपास एवं अन्य जिलों से व्यक्तियों के आने के कारण भारी मात्रा में भीड़ इकट्ठा हो जाना, राहुल साहू के सकुशल बोर से निकलने के कारण 05 दिन का थकान दूर हो जाना एवं जीवन का सुखद अनुभव होना बताया गया। उप निरीक्षक नवीन पटेल द्वारा घटना की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल जेसीबी एवं ट्रेक्टर की व्यवस्था कर घटनास्थल पर पहुंचकर जेसीबी के माध्यम से खुदाई कार्य कराना बताया गया। उप निरीक्षक योगेश पटेल द्वारा भारी मात्रा में भीड़ होने के कारण उसको नियंत्रित करना बताया गया। निरीक्षक मनीष सिंह परिहार द्वारा राहुल साहू बोरवेल से बाहर आने के दौरान चारो तरफ अपनी आंख घुमाकर देखा तब ड्यूटी की थकान दूर हो जाना और परिवार का बेटा वापस आ जाना और जीवन का एक सुखद अनुभव प्राप्त होना बताया गया। निरीक्षक रूपक शर्मा द्वारा अपने अनुभव में पुलिस अधीक्षक महोदय को रेस्क्यू के दौरान हर समय उपस्थित रहना, उनकी जीवटता एवं मेहनत को देखकर नये जोश एवं ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित होना, भीषण गर्मी होने के बाजवूद भी वहां उपस्थित पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा लगन एवं मेहनत से ड्यूटी करना तथा राहुल साहू के सुरक्षित बोरवेल से वापस आने पर 05 दिन की थकान दूर हो जाना बताया। निरीक्षक प्रवीण राजपूत द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय से घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल घटनास्थल पहुंचकर बोरवेल के पास के क्षेत्र को सुरक्षित करना एवं अन्य विभागों से संपर्क स्थापित कर रेस्क्यू आपरेशन को प्रारंभ कराना बताया। अनिल सोनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त ड्यूटी काफी चुनौतीपूर्ण होना एवं उक्त आपरेशन में सम्मिलित होना जीवन की बहुत बड़ी उपलब्धि होना बताया गया। श्री संदीप मित्तल, उप पुलिस अधीक्षक, यातायात द्वारा ग्रीन कारीडोर बनाने की अनुमति मालखरौदा से अपोलो अस्पताल बिलासपुर तक मिलने पर तत्काल ट्रैफिक के जवानों को रोड क्लीयर कराने के लिए निर्धारित स्थानों पर लगाया जाना बताया गया। बी.एस.खुटिया द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय को दिन रात एक करके पूरे समय ड्यूटी में रहना एवं ड्यूटी काफी चुनौतीपूर्ण होना बताया गया। रेस्क्यू के दौरान लगभग 60 फीट गड्ढे बोरवेल में गिरे राहुल साहू को सकुशल बाहर निकालने के अभियान में अपने उत्तम योग्यता एवं कर्तव्य परायणता का परिचय देने वाले अति.पुलिस अधीक्षक 01, उप पुलिस अधीक्षक 03, रक्षित निरीक्षक 01, सूबेदार 01, उप निरीक्षक 08, सहा. उप निरीक्षक 11, प्रधान आरक्षक 19 एवं आरक्षक 158 कुल 202 पुलिस अधिकारी- कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन अनिल सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम में आपरेशन राहुल की ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

एक नजर

देश-दुनिया में पहचान बना चुके प्रहलाद टिपानिया जी का कबीर गायन आज शाम 6 बजे कबीर चबूतरा में

लोगों के जाने आने के लिए की गई है निःशुल्क बस की व्यवस्था

गौरेला पेंड्रा मरवाही । जिला प्रशासन द्वारा माधव राव सप्रे की 151 वीं जयंती के अवसर पर इको हिल रिसॉर्ट कबीर चबूतरा में आयोजित दो दिवसी सप्रे स्मृति महोत्सव के दूसरे दिन आज शाम 6 बजे से कबीर गायन होगा। कबीर गायन के लिए देश दुनिया में अपनी पहचान बना चुके प्रहलाद सिंह टिपानिया जी भजन प्रस्तुत करेंगे। कबीर दास जी के भजनों को लोक शैली में गाने वाले प्रहलाद सिंह टिपानिया शुरुआत में गांव-गांव घूमकर गायन करते थे। आज उनकी पहचान दुनिया भर में बन चुकी है। पद्मश्री से सम्मानित श्री टिपानिया कबीर के भजनों के लिए प्रदेश और देश ही नहीं विदेशों में भी शो करते हैं।टिपानिया जी का जन्म 7 सितंबर 1954 में लुनियाखेड़ी, तराना, मालवा, मध्य प्रदेश में हुई है। कबीर भजनों का राष्ट्रीय एवम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाने का श्रेय श्री टिपानिया को है। कबीर यात्रा और हद अनहद नामक विभिन्न यात्राओं के वे हिस्सेदार हैं। वार्षिक सूफी संगीत समारोह रुहानियत और अनगिनत कबीर उत्सवों में उनका प्रदर्शन रहा है। वे सदगुरु कबीर शोध संस्थान नामक कार्यक्रम का संचालन भी करते हैं। उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मश्री से सम्मानित किया गया है। संगीत नाटक अकादमी और मध्य प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें शिखर सम्मान समेत अनेक सम्मान और पुरस्कार प्रदान किए गए। जिला प्रशासन द्वारा कबीर गायन में शामिल होने के लिए कार्यक्रम स्थल तक जाने आने के जिले वासियों के लिए निशुल्क बस की व्यवस्था की गई है। बस रेस्ट हाऊस मरवाही, शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेण्ड्रा और कलेक्टोरेट गौरेला से दोपहर 2.30 बजे रवाना होगी।

जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक में हुई विकास कार्यों पर चर्चा

जगदलपुर । जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक का आयोजन आज जिला पंचायत की सभाकक्ष में किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री मनीराम कश्यप, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रोहित व्यास, जिला पंचायत के सदस्यगण एवं विभागीय जिला प्रमुखों की उपस्थिति में जिले में संचालित विकास कार्यों पर चर्चा की गई।

इस दौरान पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण पर जोर दिया गया। जल जीवन मिशन के तहत कार्यों के त्वरित निष्पादन पर जोर देते हुए खराब हैण्डपंप व सोलर पंपों की मरम्मत के साथ ही नए खोदे गए नलकूपों के मूल्यांकन के संबंध में भी चर्चा की गई। मानसून को देखते हुए पेयजल स्त्रोंतों में क्लोरोनाईजेशन करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए गए। बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण पानी की बढ़ती मांग को देखते हुए भविष्य के लिए पानी संरक्षित रखने हेतु न्यूनतम 150 मीटर की दूरी पर नलकूप खनन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई गई। इसके साथ ही तालाब और कुओं के खनन पर भी जोर दिया गया। ग्रामीण पेयजल आपूर्ति तथा आश्रम-छात्रावासों में स्थापित खराब सोलर पंपों के तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए गए। कृषि विभाग द्वारा खाद एवं बीज की आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही गुणवत्ता पर भी निगरानी बरतने की जरुरत बताई गई। महिलाओं और बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए संचालित पोषण योजनाओं के क्रियान्वयन में कसावट लाने के साथ ही जीर्ण-शीर्ण आंगनबाड़ी केन्द्रों के स्थान पर नए केन्द्रों के निर्माण के संबंध में भी निर्देशित किया गया। लोक निर्माण विभाग को आश्रम-छात्रावासों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

कोविड-19 टीकाकरण के लिए आज से चलाया जाएगा विशेष अभियान

जगदलपुर । बस्तर जिले के 12 से 14 वर्ष और 15 से 17 वर्ष के किशोरों को पहले और दूसरे डोज, 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को दूसरे डोज तथा हेल्थ केयर वर्कर, फ्रंट लाइन वर्कर व 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को दूसरे डोज के साथ ही प्रिकॉशन डोज के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कोविड-19 टीकाकरण का विशेष अभियाल चलाया जाएगा। 18 और 19 जून व 25 और 26 जून को जिले के 300 स्थानों में टीकाकरण किया जाएगा। इसके तहत बस्तर और बकावण्ड विकासखण्ड में 60-60, बास्तानार, दरभा व लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड में 28-28, जगदलपुर शहरी क्षेत्र में 21 जगदलपुर ग्रामीण क्षेत्र में 40 और तोकापाल विकासखण्ड में 35 स्थानों पर कोविड-19 टीके लगाए जाएंगे। इस अभियान में प्रतिदिन 10 हजार हितग्राहियों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है।

तांदुला नदी की सफाई आज से शुरू

बालोद । कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में आज से तांदुला नदी में हीरापुर एनीकट के समीप से सफाई अभियान शुरू हुआ। तांदुला नदी की सफाई में भिलाई इस्पात संयंत्र दल्लीराजहरा, नगर पालिका परिषद बालोद, जल संसाधन विभाग सहित जन सहयोग द्वारा सहभागिता निभाई जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि जनसहभागिता से ही तांदुला नदी की सफाई हो पाएगी। उन्होंने सभी वर्ग के लोगों से तांदुला नदी की सफाई हेतु सतत् रूप से अपनी सहभागिता निभाने की अपील की है। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष विकास चोपड़ा, गणमान्य नागरिक कृष्णा दुबे, भिलाई इस्पात संयंत्र दल्लीराजहरा के अधिकारी, रेडक्रास के वालिंटियर्स, संयुक्त कलेक्टर अभिषेक दीवान, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत ठाकुर, एस.डी.एम. जी.डी.वाहिले, नगर पालिका परिषद बालोद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता टी.सी.वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिकगण व ग्रामीणजन मौजूद थे।

क्लासिक प्लस की अध्यक्ष बनी मौसमी दत्ता

बिलासपुर । समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाली अग्रणी संस्था लायंस क्लब बिलासपुर क्लासिक प्लस के पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक होटल रीगल में रखी गई उक्त बैठक में सत्र 2022 और 23 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष लायन मौसमी दत्ता, सचिव लायन श्रीमती कमलेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष लायन श्रीमती माधवी स्वर्णकार को चुना गया।

लायंस क्लब बिलासपुर क्लासिक प्लस के 2022-23 के नए सत्र के पदाधिकारी

निर्वितमान अध्यक्ष लायन उषा मिश्रा,

अध्यक्ष - लायन मौसमी दत्ता,

सचिव - लायन कमलेश गुप्ता,

कोषाध्यक्ष - लायन माधवी स्वर्णकार,

प्रथम उपाध्यक्ष - लायन प्रीति गुप्ता,

द्वितीय उपाध्यक्ष - लायन रेनु गुप्ता,

तृतीय उपाध्यक्ष - लायन निशा गुप्ता,

सह-सचिव - लायन पदमा गुप्ता,

सह-कोषाध्यक्ष - लायन इपशिता गुप्ता,

टेमर - लायन चांदनी सोनी,

टेल -ट्विस्टर - लायन जे.सी. चरण,

पी.आर.ओ. लायन -- कौशल्या तिवारी,

सदस्यता विस्तार चेयरपर्सन - लायन विनीता चरण,

एल.सी.आई.एफ. कोऑर्डिनेटर - लायन मीनाक्षी सिंह,

क्लब सर्विस चेयरपर्सन - लायन लक्ष्मी सर्राफ,

क्लब ऐडमिनिस्ट्रेटर चेयर पर्सन -लायन रोमाना खान,

फूड फॉर हंगर - चेयरपर्सन - लायन नंदिता गुप्ता,

संचालक मंडल -- लायन विष्णु गुप्ता, लायन महेश स्वर्णकार, लायन राजेश मिश्रा, लायन सुशील सर्राफ, लायन परमेश्वर तिवारी, लायन विशाल गुप्ता, लायन आशीष गुप्ता, लायन किशोरी शरण गुप्ता, लायन शिवेंद्र प्रताप सिंह, लायन पंकज सोनी, लायन अरशद खान, लायन जयवंत चरण, लायन शिव गुप्ता लायन रघुवीर गुप्ता।

बाल संप्रेक्षण गृह से भागे नाबालिग की हत्या के मामले में फरार मुख्य आरोपित को सरकंडा पुलिस ने दुर्ग से किया गिरफ्तार

बिलासपुर । दुर्ग के बाल संप्रेक्षण गृह से भागे नाबालिग की हत्या के मामले में फरार मुख्य आरोपित को सरकंडा पुलिस ने दुर्ग के पुलगांव बस्ती से गिरफ्तार किया है। शनिवार को पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश किया। वारदात में शामिल पांच आरोपितों को पहले ही पकड़ लिया गया था। सरकंडा थाना क्षेत्र के रहने वाला राहुल साहू उर्फ संडा दुर्ग के बाल गृह में बंद था।

एक मई को राहुल अपने अपने साथियों के साथ बाल गृह से फरार हो गया था। इस दौरान राहुल ने अपने साथी धीरज महानंद को कहा कि चोरी की रकम 13 लाख रुपये देवनचाल सरकंडा मुक्तिधाम अरपा किनारे में छिपाकर रखी है। उस रुपये को आपस में बांटने और खर्च करने

की बात कही। इसके बाद राहुल साहू को लेकर धीरज महानंद अपने पांच साथी राहुल सिंह कुशवाहा, मनीष नोन्हरे, शेख आसिफ, अभिमन्यु दास, सोनू लाड़वाल के साथ किराए की स्कार्पियो से बिलासपुर पहुंचा। मुक्तिधाम अरपा किनारे घूमकर 13 लाख रुपये ढूंढने लगे। रुपये नहीं मिलने पर उन्होंने राहुल की हत्या कर दी थी। इसके बाद लाश को अरपा नदी में फेंककर फरार हो गए थे। सरकंडा पुलिस ने अपराध दर्ज वारदात में शामिल पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं मुख्य आरोपित धीरज महानंद फरार चल रहा था। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपित धीरज दुर्ग के पुलगांव बस्ती में छिपा है। पुलिस की टीम ने दबिश देकर आरोपित धीरज को गिरफ्तार किया और बिलासपुर ले आई। उसे रिमांड पर भेज दिया गया है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का अजब- गजब कारनामा

सरकारी पैसे से निजी व्यक्ति के मकान में बोर उत्खनन कर पहुँचाया लाभ

कोरबा/पाली। कोरबा जिले में भ्रष्टाचार की अजब- गजब कहानी देखने को मिल रही है। कोई सरकारी दामाद बनकर अधिकारियों को मनपसंद काम कराने का दबाव बना रहे है तो कोई सरकारी पैसे से लाभ लेने की जुगत में लगे हुए है। कांग्रेस की सरकार क्या आ गई, कई सफेदपोश सरकारी दामाद बनकर रौब दिखा रहे है और कई अधिकारी ऐसे सरकारी दामाद की हां में हां मिला रहे है, चाहे यह कृत्य संवैधानिक हो या न हो।

ऐसा ही एक मामला लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड कटघोरा के पाली ब्लाक में स्थित ग्राम पंचायत शिवपुर के आश्रित ग्राम सरगबुंदिया में सामने आया है। यहां निवासरत राजू राव नामक व्यक्ति सरकारी दामाद बनकर बकायदा सरकारी बोरवेल की गाड़ी से अपने घर के बाड़ी में बोर उत्खनन कार्य कराया। बीते शुक्रवार 17 जून की सुबह से ही छत्तीसगढ़ शासन लिखा हुआ सरकारी वाहन, ट्रक क्रमांक- ष्टत्र 02 3599 एवं ट्रेक्टर क्रमांक- ष्टत्र 02 3593 राजू राव के निवास स्थान पर पहुँची और कुछ समय बाद उसके घर से लगे बाड़ी में सरकारी पैसे से बोर खनन प्रारंभ हुआ। जिसे देखकर आसपास निवासी लोगबाग भी हैरत में पड़

गए कि आखिर किसी व्यक्ति के घर परिसर में सरकारी तौर पर बोर उत्खनन कैसे हो रहा है। बताया जा रहा है कि राजू राव सत्ता पार्टी से जुड़ा हुआ है, जो चाटुकारिता की राजनीति करते हुए संवैधानिक रूप से सरकारी बोर उत्खनन का लाभ लिया। नियमतः पेयजल की आवश्यकता वाले ग्राम के पारा-टोला में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा शासकीय तौर पर बोर उत्खनन कार्य किया जाता है ताकि ग्रामीणों को ग्रीष्मकालीन जल संकट उत्पन्न न हो, किंतु यहां निजी व्यक्ति के मकान में सरकारी बोर खनन कर लाभ पहुँचाया गया।

कलेक्टर निर्देश के बाद भी फोन नही उठाते अधिकारी

जब इस संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड कटघोरा एसडीओ को कई बार फोन लगाया गया, लेकिन वे रिसीव नही किये। गर्मी के दिनों में जिले में पेयजल संकट को देखते हुए कलेक्टर के सख्त निर्देश है तथा उन्होंने पीएचई विभाग के संबंधित अधिकारियों का मोबाइल नंबर भी जारी कर रखा है, बावजूद अधिकारी फोन नही उठाते।

ऐसे कैसे संभव...! कार्यपालन अभियंता

जब इस संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कोरबा के कार्यपालन अभियंता अनिल कुमार से बात की गई तो उन्हें यह असंभव लगा और कहा कि सरकारी बोरवेल से निजी जमीन पर बोर उत्खनन सम्भव नही है, और यदि ऐसा हो रहा है तो जांच होगी। उन्होंने 9755822132 पर बात करने की बात कही। अब देखना है कि खबर पर अमल करते हुए अधिकारी मामले की जांच कराते है अथवा नही।

छत्तीसगढ़ शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रांतीय कार्यकारिणी की द्वितीय सूची जारी

कोंडागांव से दीपमाला वैष्णव प्रांतीय संयुक्त सचिव एवं संतोष निषाद बस्तर संभाग प्रभारी बनाए गए

कोण्डागांव। प्रांतीय पदाधिकारियों की सूची में बस्तर संभाग को विशेष प्राथमिकता देते हुए 20सदस्यीय द्वितीय सूची में बस्तर संभाग से चार महत्वपूर्ण पदों पर कोंडागांव से दीपमाला वैष्णव प्रांतीय संयुक्त सचिव एवम संतोष निषाद बस्तर संभाग प्रभारी, तथा प्रांतीय कार्यकारिणी में जगदलपुर से गीतांजलि देवांगन एवं कांकेर से कोमल मंडावी को शामिल किए गए है।

छत्तीसगढ़ शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के गठन होने के बाद से प्रदेश के सभी जिलों एवं ब्लॉक के शिक्षकों की मंशा अनुरूप संगठन की मजबूती एवं शिक्षकों की मांगों एवं समस्याओं के संबंध में शासन एवं प्रशासन के समक्ष प्रभावी रूप से रखने एवं आवाज बुलंद करने एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यकारिणी में विस्तार किया गया। जिसमें प्रांतीय उपाध्यक्ष के पद पर बालोद से श्रीमती पुष्पा मांडरिक, प्रांतीय महामंत्री बेमेतरा से हेमकांत यादव, प्रांतीय संयुक्त सचिव कोंडागांव से श्रीमती दीपमाला वैष्णव एवं कवर्धा से झामन सिंह रत्नाकर, प्रांतीय सह सचिव गरियाबंद से गौकरन बंजारे, दुर्ग से अंकेश्वर प्रसाद महिपाल एवं कवर्धा से बाबा लाल मोहले, प्रांतीय मीडिया प्रभारी राजनांदगांव से रमेश कुमार साहू एवं मुंगेली से मनोज कश्यप, प्रांतीय संगठन सचिव बालोद से योगेंद्र नाथ देवांगन, बिलासपुर से श्रीमती लक्ष्मी टेगर, कोरिया से श्रीमती सुनीता चंद्रा एवं दुर्ग से लोकनाथ सोनवानी, कार्यकारिणी सदस्य में जगदलपुर से श्रीमती गीतांजली देवांगन एवं कांकेर से कोमल सिंह मंडावी बने। वहीं संभाग प्रभारियों में रोहित खूंटे को बिलासपुर संभाग, कलीराम मारकंडेय को रायपुर संभाग, तेजेन्द्र कुमार जोशी को दुर्ग संभाग, संतोष कुमार निषाद को बस्तर संभाग एवं देवव्रत प्रसाद को सरगुजा संभाग की जिम्मेदारी दी गयी। एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष डॉ. गिरीश केशकर, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष पवन साहू, प्रांतीय उपाध्यक्ष दिनेश धृतलहरे एवं प्रांतीय सचिव तरुण वैष्णव ने सभी नवनियुक्त प्रांतीय पदाधिकारियों एवं संभाग प्रभारियों से शिक्षा एवं शिक्षक हित में सक्रियता से कार्य करते हुए सभी जिला एवं ब्लॉक में कार्यकारिणी का शीघ्र गठन करते हुए कर्मठ शिक्षकों को कार्यकारिणी में स्थान दिए जाने एवं शिक्षकों की व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्यवाही करने की बात कही। वहीं नव नियुक्त महिला पदाधिकारियों में प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा मांडरिक, संयुक्त सचिव श्रीमती दीपमाला वैष्णव एवं संगठन सचिव श्रीमती लक्ष्मी टेगर ने महिला शिक्षकों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए संघ में सक्रियता से जिम्मेदारी लेने एवं शिक्षिकाओं को संगठित करने की बात कही।

अटल आवास के दिलाने के नाम पर दो और आरोपित गए जेल

बिलासपुर । अटल आवास दिलवाने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में फरार दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने च्वाइस सेंटर की आड़ में लोगों से लाखों रुपये वसूले थे। मामले में अब तक नौ आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। एंड्रयु मैकफारलैंड, रसल फ्रांसेस और राजकुमार पाटनवार ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें बताया कि सुबीर कुमार बसु ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नगर निगम में आवास दिलवाने के लिए फार्म भरवाकर प्रत्येक व्यक्ति से एक लाख 40 हजार रुपये लेकर फर्जी रसीद दी थी।

लेकिन मकान पर कब्जा नहीं

दिया। इसके बाद सिविल लाइन पुलिस ने सुबीर बसु, नगर निगम के कर्मचारी सूरज यादव, आशीष तिवारी, विजय साहू के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस अभी तक नौ आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है । सरकंडा नूतन चौक के सीएमएचओ क्वाटर नंबर एच-5 में रहने वाला आरोपित लिलेश कुमार पटेल(41) और ग्रीन होम्स उसलापुर के रहने वाला आरोपित विजय चंद्राकर फरार थे। पुलिस की टीम तलाश में जुटी थी। शनिवार को पुलिस ने दबिश देकर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

अग्रिम राशि पर कमा रहे ब्याज सारंगढ़ में एक पंचायत ऐसा भी

स्वीकृत होने के पश्चात निर्माण कार्य पर नहीं दे रहें ध्यान, जनपद पंचायत सारंगढ़ के उच्च अधिकारी है मौन

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

सारंगढ़ अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कपिस्दा में पता चला रहा है ब्याज जिनको लाखो रुपए की जरूरत हो तो परेशान होनी की जरूरत नहीं है सारंगढ़ जनपद पंचायत ऐसा पंचायत है कि ब्याज मे पैसे चलाने के लिए लाखो रुपए सरपंच को दे देता है।

मामला कुछ इस तरह से है कि सारंगढ़ जनपद पंचायत में ऐसे कई पंचायत है कि जिनको पैसे की जरुरत हो तो परेशान होने की जरूरत नहीं जनपद से उन्हे पूरा सहयोग मिले बिना ब्याज के ग्राम पंचायत कपिसदा , जहा डीएफएम फंड से 10 लाख रुपए का शासकीय प्राथमिक शाला का निर्माण कराने के लिए स्वीकृत हुआ था जिसका अग्रिम राशि 4 लाख रुपए निकाल लिया गया है और अभी तक काम पूर्ण नहीं कराया गया पैसे निकाले महज साल बीत गए लेकिन काम पूर्ण नहीं हुआ काम पूर्ण हो या ना हो या पैसे सरपंच सचिव खा जाए तब भी जनपद पंचायत को कोई फिकर नहीं क्योंकि जब भी पैसे आहरण होते है कमीशन जुड़ा रहता है इसलिए पंचायत को कभी जनपद स्तर के अधिकारी नहीं कहते कि आखिर काम पूर्ण क्यों नहीं हुआ है क्योंकि यह भी बैठे अधिकारी को सिर्फ कमीशन से मतलब है जरा सोचिए साल बीत गया लेकिन बच्चो के लिए स्कूल नहीं बना आखिर ऐसे पंचायत को क्यों कार्यवाही के लिए डर रहे है जनपद के अधिकारी या ब्लाक अधिकारी जरा सोचिए डीएमएफ फंड को भी खा जाने के लिए तैयार है और कलेक्टर साहब को ध्यान नहीं कलेक्टर साहब हर विकास क्षेत्र में आगे रहना चाहते है कहीं भ्रष्टाचारी मे भी आगे ना हो जाय सूत्र बताते है कि जब से कलेक्टर भीम सिंह का रायगढ़ जिला मे आगमन हुआ है तब से सब कुछ कड़ी निर्देश के साथ काम हो रहा है क्योंकि उनका एक ही मकसद है कि जिला को अवल नंबर पे ले ले आना चाहे उसके लिए कितना भी मेहनत क्यों ना करना पड़े और उसी तर्क पर काम भी कर रहे है लेकिन कहीं ऐसा ना हो जाए कि सारंगढ़ के भ्रष्टाचारियों की वजह से विकास के नाम पर पहला आए या ना आए लेकिन भ्रष्टाचारी के मामले में पहले नंबर पर जरूर आ जायेगे क्योंकि उन्हें विभाग द्वारा जारी किया हुआ लाखो का फंड जिससे गांव का विकास कराने के लिए दिया गया होता है उसमे भी डाका डालने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है उसके बाद भी अगर कलेक्टर साहब अगर संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही नहीं करते तो उनके छवि पर भी गहरा भ्रष्टाचारी का मोहर लग सकता है

कांग्रेस कार्यकाल में कुछ सरपंच कांग्रेस को छवि धूमिल कर रहे

मिली जानकारी अनुसार ऐसे ही कई पंचायत है को विधायक से लेकर मंत्री तक अपना काम करवाने के लिए हाथ पाव मारते है और विधायक मंत्री गाव के विकास को देखते हु उन्हे किसी मद से या किसी फंड से दे देते है लेकिन कपिसादा जैसे पंचायत उनकी भी इज्जत की धाजिया उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ते काम तो मिल जाता है लेकिन उसे कराने के बजाय डकार जाते है जिससे जन प्रतिनिधि का भी भरोसा उठ जाता है अगर ऐसे भ्रष्टाचारी के ऊपर किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं होता है तो जनपद से लेकर जिला और जिला से लेकर प्रतिनिधियों से भी जानता का भरोसा उठ जाएगा।

आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर 21 जून को

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21जून विशेष आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन 21 जून मंगलवार को पतंजलि आरोग्य केंद्र जैजैपुर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। शिविर में विशेष रूप से अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करने वाले छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ वैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने शिविर के विषय में बताते हुये कहा कि प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य लोगो को योग से जोड़कर उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। इसी तारतम्य में योग और आयुर्वेद को मिलाकर इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। क्योंकि योग और आयुर्वेद दोनों की उत्पत्ति वेद से ही हुई है एवं दोनों का प्रयोजन भी एक ही है अर्थात निरापद तरीके से सुस्वास्थ्य की प्राप्ति। शिविर में रोगियों का त्रिविध प्रकार से स्वास्थ्य परीक्षण कर उनके ब्लड प्रेसर के साथ- साथ रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) की निशुल्क जांच कर संबंधित रोग के नियंत्रण एवं उपचार हेतु परामर्श के साथ- साथ उनके लिये उपयोगी योगाभ्यास तथा प्राणायाम का व्यक्तिगत रूप से अभ्यास कराकर विशेष प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। साथ ही रोगियों को उनके लिये उपयोगी जीवनशैली के बारे में भी व्यक्तिगतरूप से परामर्श देने के साथ- साथ उनके लिये लाभकारी दिनचर्या-ऋतुचर्या, आहार-विहार के विषय मे व्यक्तिगतरूप से विस्तार से परामर्श दिया जाएगा। चिकित्सक डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा एवं पतंजलि आरोग्य केंद्र के संचालक सुरेंद्र कुमार यादव ने अंचलवासियों से 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के इस विशेष दिन पर आयोजित इस विशेष निःशुल्क आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

सुरूति को मिली न्याय आखिर आरोपी सरिता को रिमांड पर जेल दाखिल किया

जोहार छत्तीसगढ़-कोसीर।

सारंगढ़ के कोसीर थाना अंतर्गत एक दर्दनाक और शर्मनाक मामला सामने आया था ए जहां मृतक शत्रुघ्न जायसवाल पिता मंगतू जायसवाल उम्र 43 की पत्नि ने थाने में अपने देवरानी सरिता जायसवाल पति भरत जायसवाल उम्र 22 के विरुद्ध अपने पति को मारने का गम्भीर आरोप लगाई थी।

लिखित आरोप में उसने अपने देवर, सास और ससुर पर भी मामले को दबाने और धमकाने की बात भी थाने में बताई थी। लिखित आवेदन के अनुसार सुरूति जायसवाल ने बताई थी उसकी देवरानी स्वभाव से झगड़ालू और गुस्सैल प्रकृति की महिला है। शत्रुघ्न जायसवाल मुर्गी का धंधा कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। 15 फरवरी को दोपहर 11.30 बजे मृतक अपने घर में सोया था तभी देवरानी से किसी बात पर बहस होने पर उसकी देवरानी सरिता जायसवाल पति भरत जायसवाल मुर्गी के लिए कर रहे गर्म पानी को अपने जेठ शत्रुघ्न जायसवाल के ऊपर उड़ेल दीए जिससे शत्रुघ्न पूरी तरह झुलस गया। किसी तरह 112 बुलाकर उसे सारंगढ़ अस्पताल ले जाया गया, मामले की गम्भीरता को

देखते हुवे रायपुर रेफर कर दिया गया, जहां 19 फरवरी को शत्रुघ्न की मृत्यु हो गयी। सुरूति जायसवाल ने शिकायत में बताया कि उसके पति की मृत्यु फेंके गए गर्म पानी के कारण ही हुई है, जिसकी जानकारी उसके ससुराल और आसपास के लोगों को भी है। लेकिन प्रार्थी को उसके सास, ससुर, देवर बार-बार चुप रहने और मामले को दबाने की धमकी दे रहे थे जिससे वो डर से चुप थी। लेकिन इस घटना को अपने पिता को अवगत कराने के पश्चात कोसीर थाने में अपने पति की मृत्यु के न्याय के लिए कानून की शरण मे पहुंची थी। आरोपिया सरिता जायसवाल के द्वारा गर्म पानी अपने जेठ शत्रुघन पर उंडेलने के कारण पूरी तरह से झुलस गया था और इलाज के दौरान रायपुर में उसकी मृत्यु हो गई थी। रायपुर में शून्य पर मर्ग कायम किया गया था।

जहां मर्ग क्रमांक 09/2022, 147 के जांच उपरांत कोसीर पुलिस सहायक उप निरीक्षक शिवनाथ टण्डन के द्वारा डायरी अध्ययन कर पूरे मामले में परिजनों की कथन पर जांच करते हुए घटना घटित करना पाया गया। आरोपिया सरिता जायसवाल पति भरत जायसवाल उम्र 22 वर्ष पर पूरे जांच के बाद अपराध दर्ज किया गया जिसमें गैर इदातन हत्या की अपराध दर्ज किया गया कोसीर पुलिस सहायक उप निरीक्षक शिवनाथ टण्डन ने पूरे मामले में कोसीर थाने में अपराध क्रमांक 121/2022, 304 भादवि की धारा कायम कर आरोपिया सरिता जायसवाल को रिमांड में जेल भेजा गया।

क्या कहते हैं सहायक उप निरीक्षक शिवनाथ टण्डन

पूरी घटना में और परिजनों के कथन पर जांच कर घटना घटित पाये जाने पर धारा 304 कायम किया गया है और रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

एसडीएम ने ली प्राचार्य, संकुल शैक्षिक समन्यवक एवं आश्रम छात्रावास अधीक्षकों की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

नए शिक्षा सत्र के शुरुआत में नवपदस्थ एसडीएम मनीष मिश्रा ने 19 जून 22 को प्राचार्य, संकुल शैक्षिक समन्यवक, आश्रम, छात्रावास अधीक्षकों की बैठक ली है। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी ने समीक्षा कर सभी को निर्देशित करते हुए कहा है कि शिक्षकों की नियमित उपस्थिति हो, बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत, शाला त्यागी बच्चों का चिन्हांकन व शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना। आंगनबाड़ी से लक्ष्य प्राप्त कर पालकों से संपर्क कर शतप्रतिशत प्रवेश दिलाना। कक्षावार अनियमित उपस्थिति का चिन्हांकन कर नियमित करना। शाला दूर से आने वाले बच्चों को तत्काल आश्रम छात्रावास में प्रवेश दिलाना ताकि बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के क्षेत्रों का चिन्हांकन कर यहां शिक्षकों की उपस्थिति नियमित करना। छात्रों का स्तर चिन्हांकन कर उनके अनुरूप कक्षा संचालन करना। छात्रों सत्र के पूर्व पिछले कक्षाओं के रिवीजन करवाना छात्रों की बैठक व्यवस्था समयानुसार परिवर्तित करना। अध्ययन अध्यापन रोचक हो। कक्षाओं में छात्रों का समूह विभाजन व समूह चर्चा, दिए गए विषय वस्तु पर, जिससे उनका क्षमता विकास हो। प्रातः प्रार्थना में सामान्य ज्ञान व नैतिक शिक्षा का ज्ञान व वचन करवाना व शाम की प्रार्थना में उत्तर पूछना व चर्चा करना। आश्रम छात्रावास में तत्काल छात्रों का एडमिशन लेने सुनिश्चित करना। छात्रावास की साफ सफाई व मूलभूत व्यवस्था का बेहतर व सुदृढ़ीकरण करना है। छात्रावास में बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान देना। इस बैठक में नायब तहसीलदार उमेश्वर बाज, नायब तहसीलदार चंद्रा, विकास खंड शिक्षा अधिकारी एसआर सिदार, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी रविशंकर सारथी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एनपी बीसी, मंडल संयोजक धनेश्वरी सिदार आशीष अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

रायगढ़ के अनसुलझे काजल मसंद हत्याकांड का खुलासा

आरोपियों के वैहशीपन की भेंट चढ़ी युवती काजल, अकेली देख दुष्कर्म की नियत से घर में घुसे थे तीनों बदमाश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ के बहुचर्चित काजल मसंद हत्याकांड से रायगढ़ पुलिस द्वारा पर्दाफाश कर घटना कारित करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिन्हें कोट में पेश किया जावेगा। घटना का विस्तार से खुलासा पुलिस कंट्रोल रूम में एडिशनल एसपी लखन पटले एवं सीएसपी रायगढ़ दीपक मिश्रा द्वारा किया गया है। कान्फ्रेंस में बताया गया कि 14 जून 2022 के दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि स्वास्तिक विहार कालोनी के एक मकान में युवती की संदेहास्पद मृत्यु हो गई है जिसकी सूचना पर तत्काल एडिशनल एसपी लखन पटले, सीएसपी दीपक मिश्रा, थाना चक्रधरनगर पुलिस, डॉग स्क्वाड, साइबर सेल की टीम मौके पर पहुंचे। मौके का मौका मुआयना कर पुलिस अधिकारियों द्वारा एसपी अभिषेक मीना को घटना से अवगत कराएं। एसपी अभिषेक मीना द्वारा एडिशनल एसपी को अपने सुपरविजन पर सीएसपी दीपक मिश्रा के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर, थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक अमित शुक्ला, चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक हर्षवर्धन बैस, थाना प्रभारी चक्रधरनगर उप निरीक्षक दिनेश बोहिदार तथा साइबर सेल की टीम बनाकर आरोपियों की पतासाजी का निर्देश दिये। मर्ग पश्चात अज्ञात आरोपी पर हत्या का अपराध दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस टीम द्वारा सर्वप्रथम पुलिस डॉग रूबी को घटनास्थल का स्मेल लेकर छोड़ा गया जो मृतिका के मकान से गंध

लेकर उसके घर पीछे रिक्त पड़े अटल आवास होते हुए फुलवारीपारा आगे शमशान की ओर गया जिस पर पुलिस की एक टीम फुलवारी पारा की ओर निवासरत संदेहियों से पूछताछ के लिये लगाया गया। मृतिका की मां सदमे से शोक व्याप्त थी कुछ बताने की स्थिति में नहीं थी। मृतिका के अन्य परिजनों से जानकारी मिली कि मृतिका की तीन सगी बहने शादी पश्चात दिगर राज्यों में अपने ससुराल में रह रही है। मृतिका उसकी मां को प्रतिदिन उसके कार्यस्थल सुबह छोड़ने जाती है और वापस घर में आकर अकेली रहती है मिली जानकारी पर पुलिस टीम द्वारा मृतिका के आने के समय चेक कर सीसीटीवी खंगाला गया। साइबर सेल की टीम मृतिका के मोबाइल का लास्ट लोकेशन लिया गया जो फुलवारीपारा की ओर जाकर बंद होना पाया गया। तब एएसपी पुलिस की एक और टीम को इस ओर संदिग्धों से पूछताछ के लिये लगाये। शेष टीम मृतिका के दोस्तोंए परिजनों उसके कार्यस्थल सहारा इंडिया के सदस्योंए मृतिका के घर आसपास काम करने वाले लोगोंए संपर्क में आये ऑटो चालक, आस-पड़ोस के लोगों से मजदूरों, चौकीदार से लगातार पूछताछ किया जा रहा था। इसी बीच पुलिस को एक महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगा मृतिका एवं उसके परिजनों के मोबाइल को चेक किया गया तो सभी मोबाइल पर एक ही जीमेल से चल रहे थे। उस जीमेल का बैकअप लिया गया। जिसमें पुलिस के हाथ घटना के बाद मृतिका की ली गई तस्वीर पुलिस को प्राप्त हुई जो कि घटनास्थल से कुछ भिन्न थी। जांच टीम को मृतिका के मृत्यु का लगभग सही समय ज्ञात हुआ पुनः पुलिस सीसीटीवी चेक किये, आसपास के लोगों से पूछताछ किए फुटेज के दायरे में आये लोगों से पूछताछ किया गया और पुलिस डॉग रूबी की फिर मदद ली गई। इसी दरम्यान क्षेत्र का कुख्यात बदमाश, आदतन आरोपी राम भरोस फुटेज में दिखा जिस पर पुलिस डॉग रूबी भी संकेत की थी। आरोपी राम भरोस के विरूद्ध चक्रधरनगर पुलिस पूर्व में कई प्रतिबंधक कार्यवाही व 376, हत्या का प्रयास, पोक्सो एक्ट का मामला दर्ज किया गया था तथा आरोपी बलात्कार, पोक्सो एक्ट मामले में जेल जा चुका है। संदेही को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया जिसने पुलिस को घटना समय मौजूद नहीं होना बताया पुलिस द्वारा उसके मौके पर मौजूद होने के सारे सबूत दिखाये और चश्मदीद गवाह जो उसे पैदल आते-जाते देखें है उनका जिक्र किया गया। संदेही रामभरोस चौहान बार-बार सिरे से इंकार करने के बाद आखिरकार अपने किये अपराध की स्वीकृति किया कि उसने घटना अपने मोहल्ले के दो साथी गोपाल उर्फ नानू साहू, मित्रभानु उर्फ मोनू सोनवानी के साथ करना स्वीकार किया। आरोपी रामभरोस चौहान अपने मेमोरेंडम में बताया कि 376, पोक्सो एक्ट के अपराध में जेल से रिहा होने के बाद फुलवारी पारा में रह रहा है जिसका स्थानीय लड़की से प्रेम संबंध था। लड़की सर्किट हाउस की तरफ घरों में मजदूरी का काम करने जाती थी जो रास्ता काजल मसंद के घर के बगल के होकर जाता है। वहीं पास आम के पेड़ के नीचे यह अपने साथी मित्रभानु सोनवानी और गोपाल साहू के साथ अक्सर मिलते और बैठक करते थे। इस ये तीनों काजल मसंद को गंदी निगाह से देखते थे उनको जानकारी थी कि काजल मसंद के घर कोई पुरुष नहीं है। मां बेटी अकेले रहते हैं। 14 जून 2022 के सुबह से तीनों शराब पिए थे। सुबह इन्होंने काजल को उसकी मां को स्कूटी पर छोड़ कर घर आते देखा था। जब ये तीनों काजल के घर के पास थे तब काजल को घर के बाहर मोबाइल पर बात करते देखे और काजल के कमरा अंदर घुसने के बाद तीनों काजल को देखने गए खिड़की से झांक कर देखें काजल मोबाइल से बात करते हुए बिस्तर पर कुछ लिख रही थी। तीनों दरवाजे का कुंडी लगा ना होने के कारण अंदर दरवाजे से अंदर चले गए। तीनों बिस्तर पर काजल का मुंह, गर्दन दबा दिए थे। काजल उनसे छुड़ाने की कोशिश में शोर कर प्रतिरोध कर रही थी जिससे तीनों डर गए और इसी बीच रामभरोस कमरे से बाहर निकला और बाहर पड़े चिप पत्थर से काजल मसंद के सिर पर कई बार प्रहार किया जिससे उसका सिर फट गया काजल की मृत्यु हो गई फिर तीनों आरोपी साक्ष्य छुपाने के नियत से अलमारी में रखे एक टावेल में पत्थर को लपेट दिए और कमरे में काजल मसंद के कपड़े उतारकर काजल के मोबाइल से फोटो लिए और जाते-जाते कमरे में रखा हुआ एक प्लास्टिक पाउच छोटा थैला, जिसमें करीब 1540 रखा था जिसे तीनों आपस में 500-500 बांट लिए और घटना कारित करने के बाद तीनों अटल आवास पहुंचे जहां प्लास्टिक का पाउच काजल मसंद के घर से मिला एटीएम कार्ड को अटल आवास के बिल्डिंग में ही छोड़ कर तीनों अपने-अपने घर चले गए काजल मसंद का मोबाइल मित्रभानु रखा हुआ था जो पकड़े जाने के डर से उसे पंचधारी डैम में फेंक दिया। आरोपियों से पुलिस द्वारा साक्ष्य छुपाने में प्रयुक्त टावेल व घटना में प्रयुक्त चिप पत्थर, मोटरसाइकिल एवं कुछ नगद रुपए बरामद किया गया है। एएसपी लखन पटले के मार्गदर्शन तथा सीएसपी दीपक मिश्रा के नेतृत्व में बनाये गये टीम में शामिल थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर, थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक अमित शुक्ला, चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक हर्षवर्धन बैस, थाना प्रभारी चक्रधरनगर उप निरीक्षक दिनेश बोहिदार, थाना चक्रधरनगर के प्रधान आरक्षक सतीश पाठक, लोमेश राजपूत, हेम प्रकाश सोन, आरक्षक विक्कु सिंह, चन्द्र कुमार बंजारे, संदीप मिश्रा, श्वेत बारीक, सुशील यादव, महिला आरक्षक राधा टोप्पो, अनिता बेक, आरक्षक हरीश पटेल, धनुर्जय बेहरा तथा साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, आरक्षक प्रशांत पंडा, धनंजय कश्यप, बृजलाल गुर्जर महिला आरक्षक मेनका चौहान शामिल थे।

गिरफ्तार आरोपी

* रामभरोस चौहान पिता स्वर्गीय भोला चौहान उम्र 26 वर्ष निवासी स्वास्तिक विहार कॉलोनी के पीछे मालीडिपा फुलवारीपारा बोईरदादर थाना चक्रधरनगर।

* गोपाल उर्फ नानू साहू पिता नरेश साहू उम्र 19 वर्ष निवासी स्वास्तिक विहार कॉलोनी के पीछे मालीडिपा फुलवारीपारा बोईरदादर थाना चक्रधर नगर।

* मित्रभानु उर्फ मोनू सोनवानी पिता गोरखनाथ सोनवानी उम्र 19 वर्ष निवासी स्वास्तिक विहार कॉलोनी के पीछे मालीडिपा फुलवारीपारा बोईरदादर थाना चक्रधरनगर।

आरोपी रामभरोस चौहान का अपराधिक रिकार्ड

आरोपी रामभरोस चौहान के विरुद्ध की गई कार्यवाही वर्ष 2013 में आबकारी एक्ट, वर्ष 2014 में मारपीट में चालान, तीन बार 107,116;3, एवं 151 सीआरपीसी की कार्रवाई कर जेल भेजा गया। साथ ही 110 सीआरपीसी की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर प्रतिबंधित किया गया। वर्ष 2016 में आरोपी पर दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट 376, हत्या का प्रयास 307, में गिरफ्तार कर चालान किया गया था, आरोपी इस मामले में सजा हुई थी जो 5 साल जेल में रहा और हाईकोर्ट से जमानत प्राप्त किया है।

जिला वनोपज सहकारी समिति मर्यादित धरमजयगढ़ का चुनाव एवं परिणाम की घोषणा

कांग्रेस समर्थित सभी प्रत्याशियों की हुई हार, भाजपा समर्थित कई उम्मीदवार विजयी घोषित

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

वन मण्डल धरमजयगढ़ कार्यालय में आज सुबह से ही नेताओं की गहमा गहमी शुरू हो गई थी। क्योंकि आज जिला वनोपज सहकारी सोसाइटी मर्यादित धरमजयगढ़ के सदस्यों का चुनाव होना था। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होने के एक घण्टा बाद 4 बजे से मतगणना शुरू की गई।

कुछ ही मिनटों में मतों की गिनती पूरी हो गई। जिला वनोपज सहकारी समिति के लिए 10 सदस्यों का चुनाव होना था। जिसमें 5 सीट अनारक्षित एवं अजजा वर्ग के लिए 5 सीट आरक्षित था। दोनों वर्ग में एक-एक सीट महिलाओं के लिए आरक्षित था। सभी सीटों के लिए 10 जून को नामांकन पत्र भरा गया। जिसमें से सामान्य महिला वर्ग में एक ही महिला द्वारा नामांकन पत्र भरने से वह सीट निर्विरोध हो गया था। जिसके बाद 9 सीटों के लिए घमासान मचा हुआ था। बता दें वन मण्डल धरमजयगढ़ में 59 प्राथमिक समिति है। जिसमें अध्यक्ष सदस्य एवं जिला प्रतिनिधि का चुनाव पहले हो चुका। वही जिला प्रतिनिधि इस जिला वनोपज सहकारी समिति के लिए चुनाव लड़ सकते हैं एवं मतदान करते हैं। एक सीट निर्विरोध होने के बाद 9 सीटों के लिए मतदान किया गया। जिसमें अजजा के आरक्षित 5 सीट में एक महिला आरक्षित सीट से दो उम्मीदवार चुनाव मैदान में थी। जिसमें सनमती सिदार 38 मतों के साथ विजयी घोषित हुई। वहीं अजजा के चार सीट के लिए 7 उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे। जिसमें से हृदयराम राठिया 37 मत, मुखीराम राठिया 36 मत, भोगीलाल सिदार 36 मत, विष्णु सिदार 39 मत पाकर विजयी घोषित हुए। सामान्य वर्ग के लिए 5 सीट में एक महिला सीट निर्विरोध होने के बाद चार सीट के लिए चुनाव हुआ। जिसमें 8 उम्मीदवार चुनावी मैदान में डटे हुए थे। जिसमें प्रसन्न खेस 37 मत, विजय राठिया 38 मत, बालाराम राठिया 38 मत, जगजीतसिंह राठिया 37 मत पाकर विजयी घोषित हुए। चुने हुए 10 सदस्यों द्वारा 26 जून 2022 को अध्यक्ष, उपाध्यक्षए अन्य सोसाइटियों के प्रतिनिधि तथा अन्य पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा।

भाजपा समर्थित कई उम्मीदवार हुए विजयी

इस चुनाव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस को पटखनी देने रणनीति बनाकर उम्मीदवार घोषित किया था। जिसमें कुछ सीटों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार उतारे वहीं कुछ सीटों पर दूसरे उम्मीदवार का समर्थन किया था। जिसका परिणाम यह हुआ कि सभी सीटों पर विजयी घोषित हुए। कांग्रेस समर्थक चारों खाने चित पड़ गए।

कांग्रेस समर्थित सभी प्रत्याशियों की हुई हार

यह चुनाव राजनीति चुनाव चिन्ह पर नहीं होता है। लेकिन सभी राजनीतिक दल अपने मनपसंद का प्रत्याशी मैदान में उतारते हैं। इस चुनाव में भी कांग्रेस ने सभी सीटों पर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी उतारे थे। लेकिन कांग्रेस समर्थित एक भी प्रत्याशी विजयी नहीं हुआ। जो कांग्रेस के लिए बड़ी हार मानी जा रही है।

आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अच्छा संकेत-हरिश्चन्द्र राठिया

जिला वनोपज सहकारी समिति मर्यादित धरमजयगढ़ चुनाव में कांग्रेस को पटखनी देने के बाद भाजपा कार्यकर्ता बहुत खुश दिखाई दे रहे थे। भाजपा के आदिवासी नेता हरिश्चन्द्र राठिया ने जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत आगामी विधानसभा चुनाव के लिए शुभ संकेत है। कांग्रेस सरकार के रीति नीति से छत्तीसगढ़ की जनता परेशान हो चुकी है। जो कांग्रेस पार्टी को वोट देकर अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। जिसका यह एक उदाहरण है। आगामी दिनों होने वाले सभी चुनावों में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ेगा। राठिया ने सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई शुभकामनाएं दी।

एक नजर

सोहनपुर गांव में मामूली बात को लेकर पड़ोसी पर ईंट से हमला आरोपी दंपती के खिलाफ मामला दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

क्षेत्र के एक गाँव में घर के आंगन में लगाए गए लकड़ियों के सुरक्षा घेरा को हटाए जाने की बात को लेकर दंपती के द्वारा एक ग्रामीण की पिटाई किये जाने की घटना सामने आई है। वहीं, इस मामले की शिकायत पर आरोपी दम्पती के खिलाफ संबंधित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। यह पूरा मामला धरमजयगढ़ थाना के रैरुमा खुर्द चौकी क्षेत्र अंतर्गत स्थित सोहनपुर गाँव का है। इस संबंध में प्रार्थी द्वारा थाने में लिखाई गई रिपोर्ट के अनुसार आरोपी का घर उसके घर के बगल में स्थित है। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि उसने अपने घर के आंगन में लकड़ी, जिसे स्थानीय बोली में कोराई भी कहा जाता है, का घेराव किया है। जिसे हटाने की बात को लेकर पड़ोसी के साथ पूर्व में भी विवाद हो चुका है। वहीं, बीते 16 जून को आरोपी ने उसी बात को लेकर प्रार्थी की पत्नी के साथ विवाद करना शुरू कर दिया। इस दौरान मना करने पर आरोपी ने प्रार्थी को जमीन पर पटक दिया। इतने में आरोपी की पत्नी वहां आयी और ईंट से उसके सर पर वार कर दिया, जिससे प्रार्थी को चोटें आईं। जिसके बाद उसने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद धरमजयगढ़ थाने में आईपीसी की धारा 294, 323, 34 व 506 के तहत आरोपी दंपती के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है।

स्वामी आत्मानन्द स्कूल में हिंदी माध्यम छात्रों के लिए प्रवेश प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

स्वामी आत्मानंद विद्यालय में हिंदी मीडियम में प्रवेश दिया जा रहा है। कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के छात्र प्रवेश ले सकते हैं। इच्छुक विद्यार्थी प्रवेश हेतु अपने समस्त डॉक्यूमेंट सहित संस्था से संपर्क कर प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। सीमित सीटों के लिए प्रवेश दिया जा रहा है। प्रवेश हेतु संस्था से आवेदन प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र 25 जून 22 तक संस्था में अवश्य जमा करें।

हाथी ने कुड़ेकेला में मकान को पहुंचाया नुकसान, तेजपुर में 10 नग आरसीसी पोल क्षतिग्रस्त

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

क्षेत्र में 73 हाथियों की मौजूदगी के बीच अलग अलग इलाकों में फसल, मकान व अन्य नुकसानी के मामले सामने आ रहे हैं। बता दें कि धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज में फिलहाल 45 हाथियों की उपस्थिति दर्ज की गई है। वहीं बड़ी संख्या में हाथियों की मौजूदगी से छाल क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

इस बीच बीते शुक्रवार को छाल रेंज अंतर्गत कुड़ेकेला गांव में हाथियों के द्वारा एक मकान को नुकसान पहुंचाया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीती रात 22 हाथियों का एक दल कुड़ेकेला गांव के किनारे पहुंच गया। इस दौरान स्थानीय निवासी शेरा मसीह रात में किसी कार्य से घर के बाहर निकले थे तभी उनकी नजर हाथियों पर पड़ी। जिसके बाद भयभीत होकर परिजनों के साथ वे नजदीक के एक स्कूल भवन की छत पर चढ़ गए और टार्च जलाकर हाथियों को देखने लगे। वहीं टार्च की रोशनी पड़ने पर दल का एक हाथी आक्रोशित हो गया और उनके घर को क्षति पहुंचाने लगा।इस दौरान हाथी ने घर में लगे एस्बेस्टस सीट को तोड़ दिया वहीं इस घटना में घर का एक दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावा धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र अंतर्गत ओंगना, पोटिया, बरतापाली व कापू रेंज के कन्ड्रजा में फसल व अन्य क्षति के मामले दर्ज किये गए हैं, वहीं बाकारुमा रेंज के तेजपुर इलाके में हाथी के द्वारा वन क्षेत्र में लगे 10 नग आरसीसी पोल को नुकसान पहुंचाए जाने की खबर है। बता दें वर्तमान में छाल रेंज में 45, धरमजयगढ़ में 10, कापू में 15 व बाकारुमा परिक्षेत्र में 3 हाथियों की मौजूदगी दर्ज की गई है। इस तरह क्षेत्र में कुल 73 हाथी विचरण कर रहे हैं जिनमें 26 नर, 28 मादा व 19 शावक शामिल हैं।

केंद्र सरकार द्वारा ईडी के दुरुपयोग के विरोध में छत्तीसगढ़ से महिला नेत्रियां दिल्ली रवाना

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़-केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा राजनैतिक द्वेष से कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी व राहुल गांधी के खिलाफ की जा रही ईडी की कार्रवाई के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं महिला कांग्रेस के आवाहन पर छत्तीसगढ़ से महिला नेत्रियाँ दिल्ली कूच कर इसी क्रम में राजनांदगांव महापौर एवं प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीमती हेमा देशमुख ने बताया कि महिला कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूजा एवं महिला कांग्रेस छत्तीसगढ़ अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम जी के निर्देशानुसार राज्यसभा सांसद छाया वर्मा ,अंत व्यवसाय वित्त विकास निगम के उपाध्यक्ष नीता लोधी ,जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल एवं विभिन्न महिला कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आज दिल्ली रवाना हुए हैं।

रायगढ़ में नदी में नहाने गया परिवार डूबा:लोगों ने किसी तरह से सबको बचाया, मगर तेज बहाव में बह गया लड़का,कोई सुराग नहीं

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां नदी में नहाने गया परिवार तेज बहाव में डूब गया। राहत की बात ये रही कि इनमें से 5 लोगों को तो किसी तरह से निकाल लिया गया। मगर एक नाबालिग का घटना के 8 घंटे बाद कोई सुराग नहीं है। उस लड़के की तलाश जारी है। हादसा खरसिया थाना क्षेत्र में हुआ है।

खरसिया के मदनपुर के रहने वाले सुमन झा अपने भाई रमन झा के परिवार के साथ मांड नदी में सुबह नहाने के लिए गए थे। इनके साथ सुमन की बेटी आयुषी झा(16) और रमन का बेटा कृष्णा झा(13) भी नहाने के लिए नदी में उतरा था। लेकिन अचानक तेज बहाव के कारण सभी डूबने लगे। इतने में पास के लोगों की नजर पड़ गई तो किसी तरह से सुमन झा और उसकी पत्नी, रमन झा और उसकी पत्नी को निकाल लिया गया। लेकिन आयुषी और कृष्णा झा पानी के तेज बहाव में ही बह गए। हादसा सुबह 11-12 बजे के आस-पास हुआ है।

एसडीएम मनीष मिश्रा ने छात्रावास व स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु दिए आवश्यक दिशानिर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप शिक्षा-गुणवत्ता में उत्तरोत्तर प्रगति लाने की दिशा में प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा जमीनी स्तर पर कवायदों का सिलसिला जारी है। धरमजयगढ़ विकासखंड में भी शाला प्रवेशोत्सव व स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियों के आरम्भ होते ही धरमजयगढ़ के नवपदस्थ एसडीएम व अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मनीष मिश्रा लगातार क्षेत्र के शैक्षिक संस्थानों व छात्रावासों की वस्तुस्थिति से अवगत हो रहे हैं। इस क्रम में शनिवार को धरमजयगढ़ एसडीएम मनीष मिश्रा क्षेत्र के स्कूलों व छात्रावासों का निरीक्षण करने पहुंचे। इस औचक निरीक्षण के दौरान एसडीएम सबसे पहले धरमजयगढ़ के स्वामी आत्मानन्द स्कूल पहुंचे और वहां के प्राचार्य से स्कूल की वर्तमान शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम के द्वारा बच्चों से सामान्य ज्ञान के सवाल पूछे गये, जिसका बच्चों द्वारा सही जवाब दिए जाने पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए बच्चों व स्टाफ की सराहना की। इसके अलावा उन्होंने स्कूल के निर्माण कार्य में तेजी लाने व जल्द से जल्द पीडब्ल्यूडी विभाग से संपर्क कर स्कूल के लिये मजबूत प्रवेशद्वार की व्यवस्था के निर्देश दिए। इसके बाद एसडीएम मिश्रा ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर के छात्रावास/आश्रम व प्राथमिक विद्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने अधीक्षिका को आश्रम की सभी व्यवस्थायें दुरुस्त रखने व सभी रिकार्ड अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य-सुरक्षा के मद्देनजर स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए छात्रावास संचालन की बात कही। वहीं प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में अतिरिक्त प्रयास किये जाने का निर्देश देते हुए पढ़ाई में कमजोर बच्चों के लिए वैकल्पिक शिक्षा व्यवस्था की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु प्रधानपाठक को निर्देशित किया, साथ ही नवनिर्मित प्रधानपाठक कक्ष के क्षेत्र को सुव्यवस्थित रखने की बात कही। इस प्रशासनिक कवायद के दौरान धरमजयगढ़ विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस आर सिदार, मंडल संयोजक कु. धनेश्वरी सिदार व अन्य विभागीय अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in